नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 137 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 20 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -6 पर

निर्वाचन की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की कलेक्टर ने ...





पेज -8 पर

करतला विकासखण्ड में उल्लास महापरीक्षा में 752 शिक्षार्थी ...





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही कांग्रेस, ये चिंतन का विषय- किरण देव सिंह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किये जाने पर भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक उंगली बीजेपी की तरफ करती हैं तो तीन उंगली कांग्रेस की तरफ उठता है. कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है. ये कांग्रेस के लिए चिंतन का विषय है. इसके साथ ही किरण सिंहदेव ने प्रदेश के पांच संभागों में कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस पर निशाना साधा है.

छत्तीसगढ़ बीजेपी के सहप्रभारी नितिन नबीन तीन दिनों के दौरे पर रहेंगे. नितिन नबीन के दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि सभी कमेटियों की बैठक क्रमवार होगी. आगामी रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी. कार्यकर्ता सम्मेलन प्रदेश भर में तेज गति से चल रहा है. 5 वर्षों में जो विकास के कार्य ठप पड़े थे वो चालू हो गया है. सभी कार्यकर्ता लोकसभा की दृष्टि से कार्य कर रहे हैं. पांच संभागों में कांग्रेस की प्रेस वार्ता पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि कांग्रेस जिस मुद्दे को लेकर प्रेस वार्ता कर रही है. उसमें परेशानी क्या है, अच्छी प्रक्रिया है. सबको मालूम रहेगा किस पार्टी को कौन कितना सहयोग कर रहा है. कांग्रेस की छटपटाहट है. मोदी सरकार ने पारदर्शिता सरकार दी है. सरकार की हर काम की जानकारी आम जनता तक जाती है.

# 'पांच साल मुख्यमंत्री से मिलना मुश्किल था,आज हमारी याद आई'

## राजनांदगांव में भूपेश के सामने फूटा कार्यकर्ता का गुस्सा; बैज बोले-नहीं हुआ निष्कासन

**रायपुर।** 'मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि 5 साल हमारी सरकार रही। एक कार्यकर्ता यहां उठकर कह दें कि 5 साल में उनका एक भी काम हुआ हो। हमारे दुख-तकलीफ, बहू-बेटा के ट्रांसफर में कोई साथ नहीं दिया, सिर्फ प्रताड़ित किया गया%। सोमवार को राजनांदगांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में ये बात एक पार्टी कार्यकर्ता ने ही कही। मंच पर लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी मौजूद थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र दाऊ ने पिछली कांग्रेस सरकार को खूब-खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा- %5 साल तक हमारी सरकार रही और तब सबसे ज्यादा हम ही प्रताड़ित रहे। मुख्यमंत्री से मिलना तक मुश्किल था। तब कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं थी। आज कार्यकर्ताओं की याद आई है'।

इस वाकये के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कार्यकर्ता को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किया जा रहा है। हालांकि, इसे लेकर सोमवार देर रात क्क्ष्ट चीफ दीपक बैज ने खंडन कर दिया। उन्होंने निष्कासन की कार्रवाई को अफवाह बताया है।



### माइक संभालते ही फूटा गुस्सा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र दाऊ मंच पर आए और माइक संभालते ही उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि, पंच, सरपंच की दरी उठाने की ही जिम्मेदारी है क्या? अगर भिलाई-दुर्ग में पंचायत के चुनाव होंगे, तो हम वहां भी काम करने के लिए तैयार हैं।

### कार्यकर्ताओं को बुलाया नहीं, बंद कमरे में हुआ चिंतन-मनन

उन्होंने कहा कि, 5 साल बहुत से हमारे नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं को लेकर चिंतन-मनन किया। क्या इसमें हम कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। इन लोगों ने बंद कमरे में बैठकर चिंतन-मनन किया। हम इस बात को डंके की चोट पर कहते हैं कि किसानों को भाजपा की सरकार 3100 रुपए धान के दे पा रही है, वो भूपेश बघेल की देन है। सुरेंद्र दाऊ ने कहा कि, मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि 5 साल हमारी सरकार रही। एक कार्यकर्ता यहां उठकर कह दें कि 5 साल में उनका एक भी काम हुआ हो। हमारे दुख-तकलीफ, बहू-बेटा का ट्रांसफर में कोई साथ नहीं दिया, सिर्फ प्रताड़ित किया गया।

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा सहित 14 को उम्र कैद



**मुंबई ।** देश के नामी-गिरामी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को बॉम्बे हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें ये सजा रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी एनकाउंटर के मामले में सुनाई गई है। मामला नवंबर 2006 का है। प्रदीप शर्मा ने छोटा राजन गिरोह के सदस्य लखन वर्मा को मुंबई के वर्सोवा में एक एनकाउंटर में मार गिराया था। जांच में इस एनकाउंटर को फर्जी पाया गया था। हाईकोर्ट की जस्टिस रेवती मोहिते और जस्टिस गौरी की डिविजन बेंच ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को यथावत रखा गया। जिसमें 13 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इन पर आरोप था कि इन्होंने लखन भैया को नवी मुंबई के वाशी इलाके से किडनैप किया गया था। लखन के साथ ही उसके एक दोस्त अनिल भेड़ा को भी पकड़ा गया था। इस मामल में कोर्ट ने 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। जबकि 2 की मौत होने के बाद उनके खिलाफ केस बंद हो गया। हाईकोर्ट में अपील दाखिल होने के बीच ही इनकी मौत हो गई थी।

12 जुलाई 2013 को मुंबई की सेशंस कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को इस मामले में बरी कर दिया था।

# आईपीएस अमरेश मिश्रा को ईओडब्ल्यू और एसीबी चीफ की जिम्मेदारी, डीएम अवस्थी लौटे पीएचक्यू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की ईओडब्लू और एसीबी का मुखिया बदल गए हैं। पिछले करीब डेढ़ साल से डीजीपी से रिटायर हुए पूर्व आईपीएस और डीएम अवस्थी इन दोनों जांच एजेसियों के डायरेक्टर का दायित्व निभा रहे थे। रिटायरमेंट के बाद उन्हें पीएचक्यू में ओएसडी की संविदा पोस्टिंग मिली थी। बाद में राज्य सरकार ने उन्हें ईओडब्लू और एसीबी का डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार दे दिया था।

छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार ने सेंट्रल डेपुटेशन पर एनआईए में पोस्टेड आईपीएस अमरेश मिश्रा को बुलाकर रायपुर रेंज का आईजी बनाया था। फिर 11 मार्च को उन्हें ईओडब्लू और एसीबी में आईजी का अतिरिक्त प्रभार सौप दिया। अमरेश 12 मार्च को ज्वाईन भी कर लिए थे। बताते हैं, अमरेश को रायपुर आईजी के साथ ही ईओडब्लू और एसीबी चीफ के लिए दिल्ली से बुलाया गया था। बहरहाल, राज्य सरकार ने 15 मार्च के डेट में आदेश जारी कर ईओडब्लू और एसीबी के डायरेक्टर के अतिरिक्त प्रभार से हटा कर डीएम अवस्थी को पीएचक्यू वापस भेज दिया है। जाहिर है, डीएम अवस्थी के पीएचक्यू लौटने के बाद अमरेश सबसे सीनियर अफसर हैं और वे अब ईओडब्लू, एसीबी के चीफ होंगे। उधर, डीएम अवस्थी का इसी महीने संविदा खतम हो जाएगा। याने आखिरी तीन दिन छुट्टी है। सो, 28 मार्च को ही। पहले संकेत यह थे कि हफ्ता, दस दिन की बात है, सरकार उन्हें ईओडब्लू से हटाने की बजाए संविदा खतम होने देगी। फिर रिविनल नहीं किया जाएगा। याने सम्मानपूर्वक विदाई। मगर अंदरखाने में पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि उन्हें ईओडब्लू, एसीबी से रुखसत कर दिया गया।



# पूर्व डीजीपी एसीबी-ईओडब्ल्यू के प्रभार से मुक्त

**रायपुर ।** वरिष्ठ आईपीएस अफसर तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी से राज्य सरकार ने एसीबी और ईडब्ल्यू का प्रभार वापस ले लिया है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में श्री अवस्थी के पास एंटी करप्शन और ईओडब्लू का प्रभार था जिसे सरकार ने वापस ले लिया हैं।

इसके बाद अब डीएम अवस्थी पीएचक्यू में फिलहाल विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ही रह गए हैं। इस संबंध में पिछले 15 मार्च को आदेश जारी कर दिया गया था। नई भाजपा सरकार ने रायपुर रेंज के आईपीएस अफसर अमरेश मिश्रा को यह दोनों जिम्मेदारी सौंपी थी।

# बैज बोले- इलेक्टोरल बॉन्ड से बेनकाब हुई बीजेपी, चुनाव आयोग से मान्यता रद्द करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने इसे बहुत बड़ा घोटाला बताते हे कहा कि चुनावी चंदे के इस खेल में भारतीय जनता पार्टी बेनकाब हो चुकी है। बैज ने चुनाव आयोग से बीजेपी की मान्यता रद्द करने की मांग की है।

दीपक बैज ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं। कोर्ट की मदद से चुनावी चंदे की जानकारी सार्वजनिक हो पाई। इसमें केंद्र सरकार की मिलीभगत है। बीजेपी की पोल इससे खुल गई है। बैज ने कहा कि चुनावी चंदे में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। बीजेपी की सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का खुलेआम दुरुपयोग किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों को वसूली का टारगेट दिया गया। पहला जांच कराई जाती है और फिर बड़े-बड़े उद्योगपतियों से वसूली की जाती है। जिन कंपनियों ने चंदा दिया, उसे बाद में काम का ठेका दिया गया। बस्तर सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार इसे छुपाना चाहती थी लेकिन चुनावी चंदा घोटाला अब तक सबसे बड़ा घोटाला है। बीजेपी ने इस बॉन्ड के जरिए हफ्ता वसूली का काम शुरू कर दिया है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बना दिया गया है।



# रेलवे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार के ठिकानों पर छापा

**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित होने वाली पार्किंग और कैटरिंग ठेकेदार के ठिकानों पर सोमवार को स्टेट जीएसटी की टीम ने छापा मारा। स्टेट जीएसटी की टीम ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर दोनों ठेकेदारों के दफ्तर और काउंटर में जांच की। जानकारी के मुताबिक, टैक्स चोरी की शिकायत के बाद ये कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि स्टेट जीएसटी की टीम ने कई दस्तावेजों को जब्त कर पार्किंग ठेकेदार और कैटरिंग संचालकों से पूछताछ की है।

### अवैध वसूली और टैक्स चोरी की जांच

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले कुछ दिनों से पार्किंग ठेकेदारों के कर्मचारियों की ओर से अवैध वसूली की लगातार शिकायतें मिल रही



थीं। वहीं कैटरिंग ठेकेदार के खिलाफ यात्रियों से MRP से ज्यादा कीमत पर सामान बेचने की भी शिकायत मिली थी। दोनों ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के बाद भी उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद राज्य जीएसटी की टीम ने छापा मारा। रेलवे पार्किंग ठेकदार के कर्मचारियों से बातचीत करते हुए SGST के अधिकारी।

स्टेट जीएसटी की टीम ने पार्किंग ठेकेदार की ओर से दी जाने वाली पर्ची की जांच की थी। टीम ने पार्किंग ठेकेदार और केटरिंग ठेकेदार से पूछताछ कर बयान लिया है।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पर 5 करोड़ 89 लाख रुपए गबन का लगा आरोप

## प्रदेश कांग्रेस नेता अरुण सिंह सिसोदिया ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को लिखा पत्र

**भिलाई नगर ।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री अरुण सिंह सिसोदिया ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को एक चिट्ठी लिखी है। इस लेटर में पार्टी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल पर पार्टी फंड से 5 करोड़ 89 लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। साथी उनके द्वारा कोषाध्यक्ष रामगोपाल को पार्टी से निष्कासित करने की मांग भी की है। छत्तीसगढ़ में ऐन लोकसभा चुनाव के वक्त पार्टी के ही एक पदाधिकारी ने लेटर बम फोड़ दिया। ऐसे कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह में मुश्किलें और भी बढ़ा दी है।

2023 में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार जाने के बाद कांग्रेस के सितारे इन दिनों गर्दिश में चल रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ईओडब्ल्यू की एफआईआर के बाद अब कांग्रेस पार्टी के ही पूर्व प्रदेश महामंत्री अरुण सिंह सिसोदिया ने अपनी ही पार्टी के कोषाध्यक्ष और बड़े नेताओं के खिलाफ जमकर आरोप लगाए हैं। अरुण सिंह सिसोदिया ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें सिसोदिया ने उल्लेखित किया है कि कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी के कोष से 5 करोड़ 89 लाख रुपए का गबन किया है । रामगोपाल अग्रवाल को पार्टी से बाहर करने की बात कही है। अरुण सिसोदिया का यह भी कहना है




कि हार के जिम्मेदार लोगों को सक्रिय राजनीति से बाहर किया जाए। फिलहाल अब इस चिट्ठी का कितना असर पड़ता है इसका पता तो बाद में ही पता चल पाएगा। पर लेटर बम का बड़ा असर इस लोकसभा चुनाव 2024 पर हो सकता है।

### भेजी गई चिट्ठी में अरुण ने लिखा

प्रदेश महासचिव सिसोदिया ने चिट्ठी में उल्लेखित किया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा अपने मित्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनितिक सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मीडिया लैब गाजियाबाद को 5 करोड़ 89 लाख रुपए बिना प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम व प्रभारी महामंत्री की जानकारी व अनुमति के भुगतान किया गया जबकि कोषाध्यक्ष को कार्यादेश जारी करने अनुमति नहीं और पार्टी बायलोज के अनुसार प्रदेश कार्यकारणी में प्रस्ताव लाकर पास करना आवश्यक है और प्रदेश अध्यक्ष के नोट शीट ऐप्रूवल लिया जाना जरूरी है।

विदित हो की सरकार आने के बाद भी सगठन को किसी प्रकार आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता था। हमारे द्वारा कई बार बैठक में और प्रभारी कुमारी सैलजा से अनुरोध व मांग करने के बावजूद ब्लाक अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को 5-10 हजार मासिक सगठन के कार्य करने नहीं दिया गया पर अपने परिवार के लोगों को एक कमरे में बैठकर कार्यादेश व गवाह निजी लोगों को बनाकर भुगतान कर दिया गया, साथ ही जो रकम 10 लाख 6 लाख व 3 लाख यानि 19 लाख प्रति माह मुगतान किया गया वो वर्तमान में 10 गुना है यानि प्रति माह 20 लोगो की टीम 3 लाख में कार्य कर रही है जैसा की आपको पूर्ण विदित है। आपसे अनुरोध है की 5 साल में ही सरकार और सगठन में मनमानी करने वाले गिरोह को पार्टी से बाहर किया जाए व हार के जिम्मेदार लोगो को सक्रिय राजनीति व पार्टी से दूर रखा जाए तभी पार्टी का उत्थान संभव है।


कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद

वन्दे मातरम्

भारत माता की

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

अरूण सिंह सिसोदिया

ARUN SINGH SISODIA

प्रदेश महासचिव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़

प्रति,

श्री दीपक बैज जी

अध्यक्ष

छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी

रायपुर, (छ.ग.)

धन्यवाद

भवदीय

अरुण सिंह सिसोदिया

AICC सदस्य

# विपक्ष के नकारात्मक प्रचार पर क्या मोदी के सकारात्मक प्रचार को मिलेगी जीत?

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं। मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा। विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे।



इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा।

- ललित गर्ग

## संपादकीय

### कठघरे में है सरकार

अगर लगे आरोपों को साक्ष्यों के जरिए साबित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की विशेष एवं पूरी जांच जरूरी नहीं है? इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मुद्दे ने भारतीय लोकतंत्र की साख पर ऐसा ग्रहण लगाया है, जिसकी छाया से उबरना आसान नहीं होगा। अब यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि चुनावी चंदे की यह योजना शुरुआत से ही बदनीयती से प्रेरित थी। मकसद चुनावी चंदे पर मोटा परदा डालना था। वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने जो जानकारियां सौंपी हैं, उससे बात सिर्फ यहीं तक नहीं रह गई है। बल्कि उससे कई बुनियादी सवाल उठे हैं। जब तक इन प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, यह धारणा पुख्ता बनी रहेगी कि स्वार्थी और अवांछित ताकतें धन-बल के जरिए सत्ताधारी दलों एवं राजनेताओं को साध कर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं। सबसे परेशानी वाली बात यह सामने आई है कि कथित खोखा (शेल) कंपनियां सियासी चंदा दे रही हैं और पार्टियां उन्हें स्वीकार भी कर रही हैं। कई ऐसी कंपनियां बेनकाब हुई हैं, जिन्हें एक वित्त वर्ष में जितना मुनाफा हुआ, उससे छह गुना से भी ज्यादा रकम उन्होंने चंदा दिया। तो सवाल उठा है क्या सियासी चंदा देने के लिए ही कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों ने ऐसी कंपनियां बनाई? यह पहलू इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि इनमें से कई कंपनियों की स्थापना इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना लागू होने के बाद हुई। एक अन्य मुद्दा चंदे के बदले लाभ पहुंचाए जाने और भयादोहन के बदले चंदा उगाहने के आरोप से संबंधित है।

# परिवार से रिश्ता पुराना है, प्रासंगिकता के लिए संघर्ष कर रही नेहरू-गांधी की थकी हुई विरासत

परिवार मायने रखता है। एक बुनियादी सामाजिक इकाई के रूप में परिवार राजनीति में विचारधारा को स्थायित्व की भावना देता है, जबकि सिद्धांत केवल निश्चिंतता प्रदान करते हैं। एक ऐसे युग में, जब दृश्य एवं अन्य संवेदी संचार चुनाव अभियान में लोगों की धारणाओं को प्रभावित करते हैं, हर कोई अपनी आदर्श पारिवारिक तस्वीर को भुनाना चाहता है। यह उन समाजों में अधिक होता है, जहां राजनीति में सार्वजनिक एवं निजी, दोनों तत्व घुले-मिले होते हैं।

राजनीति में सत्ता विरासत के रूप में परिवार से भी मिलती है। प्रतिभा और लोकप्रियता से ज्यादा रक्त-संबंध मजबूत बन जाता है। यह परिवार ही है, जो मायने रखता है, विचारधारा नहीं। राजनीतिक वंशवाद परिवार को सर्वोच्च एवं उन्नत संस्था के रूप में सम्मान देता है। यह उन परिवारों में होता है, जहां भरोसे का सबसे सच्चा स्वरूप लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रवृत्ति के विरुद्ध विकसित और संरक्षित किया जाता है। भारतीय राजनीति का परिवार से उतना ही पुराना रिश्ता है, जितना देश की स्वतंत्रता का, और अगर कोई एक संविधानेतर संस्था है, जिसने लोकतंत्र के रूप में राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित किया है, तो वह परिवार है। नेहरू-गांधी परिवार भले ही दुनिया के सबसे स्थायी परिवारों के रूप में बचा हो, इसके अंतिम हांफते दिन लगातार भारतीय राजनीति को एक रंगमंच प्रदान करते रहे हैं, जिसमें एक थकी हुई विरासत अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्ष करती है। भारत की राजनीतिक जमीन इतनी उर्वर है कि विभिन्न आकार एवं प्रभाव वाले परिवार अब भी विशेषाधिकार के रूप में सत्ता पर पकड़ बनाए हुए हैं। वंशावली जितनी लंबी होगी, सत्ता का अराष्ट्रीयकरण उतना ही आसान हो जाएगा। एक प्रांतीय परिवार के बुजुर्ग ने परिवार न होने के लिए प्रधानमंत्री को दोषी ठहराते हुए कहा ～ अगर नरेंद्र मोदी का अपना परिवार नहीं है, तो हम क्या कर सकते हैं? फिर उन्होंने मोदी के एक सच्चे हिंदू पुत्र होने पर भी सवाल उठाया। प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह बयान लालू प्रसाद यादव जैसे व्यक्ति की तरफ से आया है, जो बताता है कि भारतीय राजनीति में पारिवारिक मूल्य कैसे काम करते हैं। लोहिया विचारधारा के पुराने समाजवादी लालू प्रसाद कांग्रेस विरोध की अपनी मूल प्रवृत्ति से काफी दूर हो गए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने बिहार को बुरे प्रदेश का पर्यायवाची बना दिया और जंगलराज उनके शासन का आदर्श संस्करण था। और अंत में, वह स्वयं समाजवादी हृदयस्थल की त्रासदी का एक गिरा हुआ पात्र बन गए।

उन्होंने कई भूमिकाएं निभाई, अणे मार्ग के सशक्त चरवाहे से लेकर भारतीय राजनीति के पहले विदूषक तक, जो चुटकुले की चुनावी ताकत को समझते थे। भले ही अंततः चुटकुले भी उन्हीं पर बने। उन्होंने भारत की पहली किचेन कैबिनेट के निर्माता की जो भूमिका निभाई, वह पूर्णता लिए थी। जिस चीज ने उनके जीवन को संतुष्ट किया, वह उनके वंश की ताकत थी, जिसकी उन्होंने जेल और अन्य जगहों पर भी अपनी विरासत की तरह देखभाल की। वह पितृपुरुष (लालू) आज स्वयं को पारिवारिक मूल्यों के योग्य उपदेशक के रूप में देखते हैं।



भारतीय राजनीति का परिवार से उतना ही पुराना रिश्ता है, जितना देश की स्वतंत्रता का। नेहरू-गांधी परिवार भले ही दुनिया के सबसे स्थायी परिवार के रूप में बचा है, लेकिन इसकी थकी हुई विरासत प्रासंगिकता के लिए संघर्ष कर रही है। भारतीय राजनीति इतनी उर्वर है कि अब भी कई परिवार सत्ता पर पकड़ बनाए हुए हैं।

यह बात शुरू से ही गलत है कि मोदी का अपना जैविक परिवार नहीं है। यदि लालू प्रसाद का आशय राजनीति में पारिवारिक व्यक्ति के होने से है, तो शायद मोदी अयोग्य हैं, क्योंकि उनके परिवार का कोई भी सदस्य सत्ता में साझेदार नहीं है। मोदी ने आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया ～ %मेरा जीवन खुली किताब है। एक सौ चालीस करोड़ भारतीय मेरे परिवार हैं। आज इस देश की करोड़ों माताएं एवं बहनें मोदी का परिवार हैं।

## मिला जुला

### एक नजर

#### GDP: अगर ऐसा हुआ तो, 5 साल तक भारत के मुकाबले में कहीं नहीं टिक पाएगा चीन!



वैश्विक सुस्ती से बेफिक्र भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से दौड़ती प्रमुख इकोनॉमी है. इसकी रफ्तार हर किसी को हैरान करते हुए सभी अनुमानों के पार निकल गई है. भारतीय अर्थव्यवस्था के दमखम को देखकर देश और विदेशी की दिग्गज रेटिंग एजेंसियां विकास दर के पूर्वानुमानों में बदलाव करके उन्हें बढ़ा रही हैं. तीसरी तिमाही की विकास दर के आंकड़े जारी करते हुए हस्ह्र ने 2023-24 में भारत की इकॉनमी की रफ्तार 7.6 परसेंट होने का अनुमान जताया था. लेकिन इसके बाद RBI गवर्नर ने कहा था कि भारत की विकास दर सबको चौंकाते हुए 8 फीसदी के नजदीक पहुंच सकती है. अब यही अनुमान ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जताते हुए भारत की त्रष्ठक्रग्रोथ 8 फीसदी रहने की बात कही है. इसी अनुमान के साथ ताल मिलाते हुए ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी बार्कलेज ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आने वाले कुछ बरसों में दुनिया की कुल जीडीपी में योगदान बढ़ता जाएगा. वहीं बार्कलेज ने कहा है कि इस मियाद में चीन का योगदान कम होता चला जाएगा. बार्कलेज के मुताबिक चीन की विकास दर अगले पांच साल के दौरान भारत की ग्रोथ से कम रहने का अनुमान है. बार्कलेज ने भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत का बखान करते हुए कहा है कि 2024 से 2028 तक देश में 8 फीसदी की दर से विकास करने की क्षमता है.

# जानिए सोनम वांगचुक की डिमांड्स क्या है जिसके लिए 13 दिन से अनशन पर हैं?

**लद्दाख।** लद्दाख के मशहूर क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के आमरण अंशन को 13 दिन बीत चुके हैं. उनके साथ 1500 लोग सोमवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल पर थे. उन्होंने एक वीडियो शेयर किया और बताया कि कैसे 250 लोग उनके समर्थन में रात को भूखे सोए. वांगचुक लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं, जो प्रदेश के स्थानीय लोगों को आदिवासी इलाके में एडमिनिस्ट्रेशन का अधिकार देगा. सोनम वांगचुक ने कहा, 'जब विविधता में एकता की बात आती है तो छठी अनुसूची भारत की उदारता का प्रमाण है. यह महान राष्ट्र न सिर्फ विविधता को सहन करता है बल्कि उसे प्रोत्साहित भी करता है.' उन्होंने 6 मार्च को '#SAVE-LADAKH, #SAVEHIMALAYAS' के अभियान के साथ 21 दिनों का आमरण अंशन शुरू किया था. उन्होंने कहा था कि यह अंशन जरूरत पड़ने पर आगे भी बढ़ाया जा सकता है.



### सोनम वांगचुक ने क्या कहा?

सोनम वांग्चुक ने वीडियो जारी कर सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रम को दूर करने की कोशिश की है. उन्होंने बताया कि छठी अनुसूची का मकसद सिर्फ बाहरी लोगों को ही रोकना नहीं है, बल्कि पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील इलाके या संस्कृतियां-जनजातियां सभी को स्थानीय लोगों से भी बचाने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि इसके लागू होने के बाद से स्थानीय लोगों से भी इन्हें बचाया जा सकेगा. मशहूर सोशल एक्टिविस्ट ने विस्तार से बताया कि आखिर उनके आमरण अनशन की क्या वजह है. उन्होंने कहा कि जहां तक उद्योग की बात है तो जो इलाके संवेदनशील नहीं हैं, उन्हें इकोनॉमिक जोन बनाया जा सकता है, ताकि उद्योग लगे, देश-दुनिया से निवेश हो. इसमें लद्दाख के लोगों को कोई मसला नहीं है.

### क्या है छठी अनुसूची ?

सोनम वांगचुक और स्थानीय लोग लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं. धारा 370 खत्म किए जाने के बाद लद्दाख एक केंद्रशासित प्रदेश बन गया है, और जम्मू कश्मीर में विधानसभा की तरह यहां कोई स्थानीय काउंसिल नहीं है.

## पीएम मोदी का तमिलनाडु दौरा

# सेलम में बोले- भाजपा को मिल रहे समर्थन से I.N.D.I.A वालों को दिक्कत

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी 5 दिन के दक्षिण भारत के राज्यों के दौरे पर हैं। उन्होंने 18 मार्च को तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु का दौरा किया। आज उन्होंने केरल में रोड शो किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव से पहले 5 दिन के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। 19 मार्च को सुबह केरल के पलक्कड़ में रोड शो करने के बाद वे तमलिनाडु के सेलम पहुंचे। यहां भी उन्होंने रोड शो किया।

सेलम में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- भाजपा को तमिलनाडु से मिल रहे समर्थन को देख I.N.D.I.A वालों को दिक्कत हो रही है। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा को इस राज्य में कितना प्यार मिल रहा है।

पीएम मोदी का 5 दिन का दक्षिण भारत के राज्यों का दौरा 16 मार्च को तेलंगाना से शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के दौरे किए। पीएम मोदी ने 18 मार्च को तेलंगाना के जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए 17 मार्च की INDI अलायंस की रैली का जवाब दिया था। मोदी ने कहा था- मुंबई में INDI अलायंस की रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।



### भाजपा का पीएमके से गठबंधन

तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पट्टाली मक्कल काची पार्टी के साथ गठबंधन किया है। पीएमके ने गठबंधन की घोषणा पीएम की कोयंबटूर में 18 मार्च की रैली वाले दिन ही किया। मीडिया सूत्रों के मुताबिक दोनों पार्टी में सीट शेयरिंग को लेकर भी सहमति बन गई है। क्क्रय्य 10 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं हुई है।

### तेलंगाना में मोदी बोले- I.N.D.I.A की लड़ाई शक्ति के खिलाफ

18 मार्च को PM ने कर्नाटक के शिवमोगा में भी कहा- INDI अलायंस के लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का ऐलान कर दिया है।

### पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में 4 किमी लंबा रोड शो किया

पीएम मोदी ने सोमवार शाम को तमिलनाडु के कोयंबटूर में रोड शो किया। इसके लिए भाजपा को पहले अनुमति नहीं मिल रही थी। 14 मार्च को कोयंबटूर के भाजपा जिला अध्यक्ष जे रमेश कुमार ने पुलिस से रोड शो के लिए अनुमति मांगी थी। 15 मार्च की सुबह कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए पुलिस ने रोड शो की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद रमेश ने मद्रास HC का रुख किया था। कोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को कुछ शर्तों के साथ PM मोदी के रोड शो को मंजूरी देने का निर्देश दिया।

### साउथ में भाजपा की क्या है स्थिति?

केरल में पिछले 3 लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां NDA को एक भी सीट नहीं मिली। हालांकि, उनका वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। तमिलनाडु में सहयोगी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलग होने के बाद भाजपा यहां अलग-थलग पड़ गई है। तेलंगाना में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 4 सीटें जीती थीं, लेकिन विधानसभा चुनाव हारने के बाद यहां कांग्रेस मजबूत नजर आ रही है।

## भारत में सीएए लागू होने की अमेरिकी सांसद ने की आलोचना

# हिंदू संस्थाओं ने किया पलटवार




**वॉशिंगटन।** नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लेकर भारत के राज्यों से ही नहीं दुनिया भर के देशों से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अब अमेरिका के एक सांसद ने भारत सरकार द्वारा सीएए के लागू करने पर चिंता जताई है। उनका सहना है कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में गहराई के साथ यह महत्वपूर्ण है कि सहयोग सभी के मानवाधिकारों की रक्षा के साझा मूल्यों पर आधारित हो, चाहे वे किसी भी धर्म के हों।

### नागरिकता संशोधन कानून- कब क्या हुआ ?

नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। साथ ही सरकार ने एक बयान जारी किया था कि भारतीय मुसलमानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सीएए उनकी नागरिकता को प्रभावित नहीं करेगा और इसका समुदाय से कोई लेना-देना नहीं है।

### विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष ने जताई चिंता

सदन के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बेन कार्डिन ने चिंता जाहिर की। कहा, 'मैं भारत सरकार के विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करने के फैसले से बहुत परेशान हूं। खासकर भारत में रहने वाले मुस्लिम समुदाय पर कानून के संभावित पड़ने वाले प्रभाव से मैं चिंतित हूं। मामले को भड़काने वाला तथ्य यह है कि रमजान के पवित्र महीने में इसे लागू किया जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'अमेरिका और भारत के बीच गहरे संबंध होने के साथ यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारा सहयोग सभी लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा के साझा मूल्यों पर आधारित हो, चाहे वे किसी भी धर्म के हों।'

# बघेल पर एफआईआर पर बोले बृजमोहन कहा यह महादेव का प्रकोप है

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर महादेव बेटिंग एप की गूंज सुनाई देने लगी है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उपर ईडी की FIR दर्ज होने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे बीजेपी की साजिश बताया था।



सोमवार को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, महादेव का प्रकोप कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम पर अब दिखाई देने लगा है।

उन्होंने आगे कहा कि, पूर्व सीएम चोरी ऊपर से सीना जोरी कर रहे हैं। वे पहले रायपुर से भाग कर राजनादगांव गए और फिर सीना जोरी करने के लिए वापस रायपुर आए। भूपेश बघेल को इतना डर क्यों सता रहा है? महादेव सट्टा एप पर पहली स्नढ्ढक्र तो उन्होंने ही कराई थी। लेकिन अब अपने ही बुने हुए जाल में खुद फंस गए है। जितने अफसरों पर स्नढ्ढक्र हुई उनके भूपेश से क्या संबंध हैं? उन्होंने आगे कहा कि, शराब, कोयला और गौठान कई घोटाले हैं। अभी एक घोटाले की FIR में नाम आने पर घबरा गए। अभी तो और भी कई घोटाले सामने आयेंगे। भूपेश बघेल असीम दास के बयान को सही मानते हैं क्या? महादेव एप में शुभम सोनी का वीडियो आया था उस पर भूपेश बघेल क्यों कुछ नहीं बोलते हैं? इन्होने छत्तीसगढ़ के 10 लाख युवाओं को बर्बाद करके उनके हक़ का पैसा खाने का काम किया है और क्या इनको न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है?

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आगे कहा कि, बीजेपी को इस तरह के कामों के लिए फुर्सत नहीं है। हम पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगे हैं और जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि, उसमें भूपेश बघेल को सहयोग करना चाहिए न कि धमकी देना चाहिए। कांग्रेस ने विकास विरोधी काम किया है और अब डर पैदा हो गया है इसलिए जनता ने नकार दिया है। अब कानून अपना काम करेगा। जनता से आव्हान है कि, महादेव, गौठान, शराब घोटाले के आरोपियों को नकारे और छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करने वाले को स्वीकार करें। महादेव एप पर राज्य और केंद्र सरकार कार्यवाही कर रही है और महादेव एप को बंद करना जरूरी नहीं है। लेकिन उसमें जो गलत काम कर रहा है, उस पर कार्यवाही होनी चाहिए।

# माना डकैती कांडःफेरीवालों के फेर में उलझी पुलिस



रायपुर। रात के अंधेरे में रायपुर का माना बस्ती लूटकांड पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। घटना होने के 4 दिन बाद भी कोई क्लू नहीं मिल सका है, पुलिस जांच सिर्फ फेरी लगाने वालों की पहचान तक पहुंची है। बुजुर्ग महिला समेत घर वालों को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले गैंग की धरपकड़ अब दिनों दिन मुश्किल होती जा रही है। स्पेशल सायबर यूनिट बिना किसी सीसीटीवी फुटेज के सुराग जुटाने में सफल नहीं हो पाई है, इधर थाना पुलिस की जांच भी सिमट गई है। पिछले गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे तीन नकाबपोश प्रख्यात चंद्राकर के यहां घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। कृषि विभाग में सहायक ग्रेड 3 पर पदस्थ प्रख्यात के परिवार को लुटेरों ने धमकाया इसके बाद 72 वर्षिय बुजुर्ग मां उमादेवी पर भी हमला किया। अंदर सभी को बंधक बनाकर वहां से नगदी 40 हजार रुपये के साथ छह से सात लाख रुपये के गहने लूटे। लूट की पूरी वारदात को पहले देवपुरी में हुई डकैती की तरह अंजाम दिया। सभी आरोपी पैदल ही घर से निकले और चंद मिनट में गायब हो गए। इस मामले की जांच के लिए थाना पुलिस के अलावा सायबर सेल की स्पेशल यूनिट की विशेष टीम को मौके पर बुलाया गया, लेकिन बिना किसी सीसीटीवी के कोई भी क्लू नहीं मिल सका। पुलिस का कहना है जिस जगह पर घटनास्थल है और जिस मकान पर लुटेरे घुसे थे वह आबादी वाले हिस्से से बिल्कुल दूर है। यहां कहीं भी कैमरा नहीं लगा है। लुटेरों के रेकी करने के मामले में भी कोई पुख्ता क्लू नहीं मिलने से जांच धीमें है।

## घर बैठे मतदाता सूची में जुड़वाएं अपना नाम

**रायपुर।** चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. जिसमें वोट करने के लिए आपके पास वोटर आईडी कार्ड होना चाहिए. लेकिन जरा सोचिए जिनके पास ये नहीं है वो कैसे वोट करेंगे? क्या वो वोट कर पाएंगे? ऐसे में अगर आपकी उम्र 18 साल या इससे अधिक हो गई है और आपके पास भी वोटर आईडी कार्ड नहीं है, तो आप घर बैठे ही वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं. आइए हम आपको तरीका बताते हैं



ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https://www.nvsp.in/ पर जाएं.

होमपेज पर आपको New registration for general electors दिखेगा, उस पर क्लिक करें.

इसके बाद आपको Sign up करना होगा.

इसके बाद वहां मांगी गई सभी डीटेल्स दर्ज करें.

अब आपको अपना mobile number, password, captcha और OTP डालकर रजिस्ट्रेशन करना होगा.

इसके बाद फॉर्म 6 सब्मिट कर दें.

वोटर आईडी खोने पर क्या करें

अगर आपका वोटर आईडी कार्ड कहीं खो गया है तो आप आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं.

ऐसे डाउनलोड करें वोटर आईडी कार्ड

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https://www.nvsp.in/ पर जाएं.

वहां आपको Login का ऑप्शन दिखेगा, उस पर क्लिक कर मोबाइल नंबर, पासवर्ड और कैप्चा डाले.

इसके बाद आपके फोन पर एक OTP आएगा, वहां Verify & Login पर क्लिक करें.

इसके बाद 'E-EPIC Download' टैब पर क्लिक करें.

यहां आपको EPIC नंबर भरकर, अपना राज्य चुनें.

आपको अपने स्क्रीन पर आईडी कार्ड दिख जाएगी.

वहां होम पेज पर 'Download e-EPIC' का ऑप्शन दिख जाएगा.इसे डाउनलोड कर लें.

अगर आपके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तब भी आप ह्य सरकार द्वारा जारी कई सरकारी डॉक्यूमेंट का उपयोग कर वोट डाल सकते हैं.

इन डॉक्यूमेंट का उपयोग कर डाल सकते हैं वोट

आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पासबुक, बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन डाक्यूमेंट, नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर (NPR) की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम कैसे चेक करें ? अगर आपको चेक करना है कि वोटर लिस्ट में आपका नाम है या नहीं तो आप चुनाव आयोग की वेबसाइट https://eci.gov.in/ या मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर कॉल कर सकते हैं. इसके अलावा आप हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं. इसके अलावा वोटर आईडी लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए या किसी तरह के बदलाव के लिए भी आप https://eci.gov.in/ पर जाकर बदलाव कर सकते हैं.

### कब तक कर सकेंगे अपलाई ?

आपको बता दें कि आचार संहिता लागू होने के बाद लगभग 10 दिन तक वोटिंग लिस्ट में नाम जुड़वाया जा सकता है. यानी कि अगर किसी का वोटर लिस्ट में नाम नहीं जुड़ा है. तो उसके पास नाम जुड़वाने के लिए 26 मार्च तक का समय है.

# चोर से बचाने महिला ने वाशिंग मशीन में छिपा दिए गहने

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में बैंक कर्मचारी के घर पर चोरी हुई है। चोर ने वाशिंग मशीन में छिपाए गहने को भी पार कर दिया।



एक संदिग्ध गली से गुजरते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। टिकरापारा थाना पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी सत्यनारायण पांडेय ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वह बैंक आफ बड़ौदा में कलेक्शन का काम करता है। शनिवार की रात वह खाना खाकर परिवार सहित सो गया था। रात में करीब तीन बजे सत्यनारायण को कुछ आहट सुनाई दी। जब उसने उठकर देखा तो बिस्तर में पड़े उसका मोबाइल गायब था।

### चोरी से बचाने वाशिंग मशीन में छिपाए गहने

*इसके बाद उसने घर की जांच की तो एक कमरे का ताला खुला हुआ था। पत्नी ने चोरी से बचाने कमरे के अंदर एक बंद पड़े वाशिंग मशीन में गहने छिपाई थी। आशंका है कि चोर को इस बात की भनक थी, उसने सभी गहने-जेवरात चोरी कर लिए। चोर ने घर से एक पर्स में रखे दो जोड़ी सोने के झुमके, एक जोड़ी सोने का हार, एक मंगलसूत्र और बिस्तर में रखे मोबाइल की चोरी कर ली।*



## राज्यपाल से स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति ने की भेंट


*रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सोमवार को राजभवन में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. पीके पात्रा ने सौजन्य मुलाकात की।*

## महिला टीआई के साथ मारपीट

**रायपुर ।** राजधानी की महिला थाना में पदस्थ थाना प्रभारी वेदवती दरियों के साथ मारपीट की घटना हो गई है। काउंसिलिंग में आई महिला का अपने पति से विवाद हो गया। महिला, उसकी मां और भाई ने पति को पीटना शुरू कर दिया। महिला थाना के स्टाफ और टीआई ने बीच बचाव किया तो वे उनके साथ भी बदसलूकी करने लगे। इस दौरान महिला ने टीआई वेदवती के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। उनके ऊपर हाथ उठा दिए।

## लोकसभा चुनाव के बाद जमीन की कीमतों में होगा इज़ाफ़ा

**रायपुर।** अप्रैल के करीब आते ही जमीन की गाइडलाइन को लेकर उहापोह की ििस्थत बनी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि नई सरकार 30 प्रतिशत की छूट को एक अप्रैल से खत्म कर देगी। ऐसे में जमीन की कीमतें बढ़ जाएंगी। यही वजह है कि रजिस्ट्री ऑफिस में लंबी कतार लगना शुरू हो गई है। ने जब इस मामले में पड़ताल की तो सामने आया कि लोकसभा चुनाव तक कोई कीमत नहीं बढ़ने वाली है। जून के बाद पिछली सरकार की दी गई 30 प्रतिशत की छूट को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा शहर में शामिल हो चुके गांवों की जमीन की कीमतों को भी रिवाइज करने की बात सामने आ रही है। इससे जमीन की कीमतों में बड़ा उछाल आने की संभावना है। दिसंबर 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। 25 जुलाई 2019 को सरकार ने राज्य में प्रचलित गाइडलाइन दरों को 30 प्रतिशत की छूट दे दी। इसके बाद से गाइडलाइन दरों के पुनर्निरीक्षण का



काम लगभग बंद हो गया। हर साल जिला मूल्यांकन समिति से नई दरें तो मंगाई जाती थी, लेकिन 31 मार्च को आदेश जारी कर दिया जाता था कि 2019 में दी गई छूट की अवधि को आगामी वर्ष के लिए बढ़ाया जाता है।

इस साल भी यह प्रक्रिया दोहराए जाने के संकेत मिल रहे हैं। क्योंकि अगर यह आदेश जारी नहीं हुआ तो स्वत- 30 प्रतिशत छूट खत्म हो जाएगी। जानकार कहते हैं कि ये छूट नियमविरुद्ध है, क्योंकि बाजार मूल्यों को कम नहीं किया जा सकता है। जमीन कीमतें बढ़ती ही हैं, घटती नहीं। मूल्यांकन समिति की नहीं हुई बैठक- हर साल गाइडलाइन रिवाइज करने उप जिला मूल्यांकन समिति के बाद जिला मूल्यांकन समिति की बैठक होती है। यह प्रक्रिया जनवरी तक पूरी हो जाती है। फरवरी में केंद्रीय मूल्यांकन समिति की बैठक में गाइडलाइन को अंतिम रूप दे दिया जाता है। इस बार जिला मूल्यांकन समिति की बैठक ही अभी तक नहीं हुई है। ऐसे में बताया जा रहा है कि 31 मार्च को आदेश जारी होगा कि पिछली दर ही लागू रहेगी।

## अपराध

## ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों से हटाई पद नाम की प्लेट



**रायपुर।** रायपुर में लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता के लागू होते ही रायपुर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ियों में अवैध तरीके से लगे नेम प्लेट, हूटर और ब्लैक फिल्म की जांच कर कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी में रिटायर्ड IFS लिखकर रौब से घूम रहे व्यक्ति पर भी एक्शन लिया है। शहर में कुछ युवक प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे पदनाम लिखकर खुद को VIP बता रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों की भी हेकड़ी उतारी है। इन लोगों को चौक-चौराहे पर ही खड़ा कर रेड नेम प्लेट उतारा गया। आचार संहिता के दौरान शहर में सायरन हूटर का उपयोग करना पूरी तरह वर्जित है। इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है। जिसके तहत हूटर पर एक्शन हुआ है। इसी प्रकार चुनाव को मद्देनजर रखते हुए अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

## आचार्य दीदी को दिया बाल उद्यान का प्रशिक्षण



**रायपुर।** ग्राम भारती जिला रायपुर द्वारा संचालित तुलसी संकुल तरपोंगी, सांकरा, कुथरेल, किरना, रायखेड़ा, तुलसी, देवरी सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदीयों का एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ग्राम भारती के जिला कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी प्रदान की। जिला समन्वयक टीकाराम द्वारा अभिभावक संपर्क कैसे करें इसके बारे में जानकारी दी गई। तरपोंगी प्रशिक्षक दीदी सुमन साहू द्वारा शिशु वाटिका से संबंधित और किरना की प्रशिक्षक दीदी रामेश्वरी द्वारा हिंदी विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण वर्ग में 7 विद्यालय से 65 दीदी और 5 आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में तुलसी विद्यालय के अध्यक्ष राघवेन्द्र वैष्णव ने दीप प्रज्ज्वलित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में तरपोंगी के प्रधानाचार्य तुलसीराम, सांकरा के प्रधानाचार्य संगीता वर्मा, देवरी प्रधानाचार्य येलन वर्मा, रायखेड़ा से थानेश्वर सोनवानी, कुथरेल से राधा गोस्वामी, तुलसी से अन्नपूर्णा वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

**लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी**








**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है और निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक यह प्रभावशील रहेगी। राज्य में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी सतत अद्यतीकरण में मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे-रैंप, पेयजल, विद्युत प्रकाश, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्गजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु मतदाता मित्र आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड-19 के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता भी निर्धारित प्रारूप के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अन्दर सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही वोटिंग कर सकेंगे।

बैठक में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा व्यय लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

## ज़िला कलेक्टर परिसर में निर्वाचन कार्यों के निष्पादन के लिए निर्मित कक्षों का कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया निरीक्षण



**रायपुर।** कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह आज लोकसभा चुनाव की तैयारी के परिपेक्ष में कलेक्टर परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने नियंत्रण कक्ष, एमसीएमसी कक्षा सहित अन्य समितियों के कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ज़िला पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप और एडीएम श्री देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।



# एसबीआर कॉलेज जमीन की खरीदी-बिक्री मामले में हाईकोर्ट ने 11 खरीददारों से मांगा जवाब, कोर्ट को तीन सप्ताह के भीतर देना है जबाव

बिलासपुर । शहर के एसबीआर कॉलेज जमीन की खरीदी-बिक्री मामले में हाईकोर्ट ने सभी 11 खरीददारों से जवाब मांगा है। इसके लिए कोर्ट ने तीन सप्ताह का समय दिया है। इससे पहले भी जवाब मांगा गया था, जो प्रस्तुत नहीं किया जा सका।



दूसरी ओर अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर ने एसबीआर महाविद्यालय मैदान खरीदी मामले में पेश नामांतरण आवेदन को खारिज कर दिया है। इसकी जानकारी शासन की ओर से कोर्ट को दी गई। तहसीलदार ने आदेश में कहा है कि मामला इस समय हाईकोर्ट में है और साथ ही जमीन खरीदने वालों ने कोर्ट के आदेश का सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है, इसलिए नामांतरण आवेदन को खारिज करते हुए प्रकरण को नस्तीबद्ध किया जाता है। हाईकोर्ट द्वारा मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि एसबीआर कॉलेज मैदान खरीदी मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में चल रही है। इसके पहले सिंगल बेंच ने अतुल बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रस्ट की जमीन खरीदने वालों के पक्ष में फैसला दिया था। सिंगल बेंच ने जरूरी निर्देशों का पालन करते हुए मैदान की जमीन को कलेक्टर के निर्देश पर नीलाम कराने कहा था।

मामले में अतुल बजाज, अमित बजाज, सुमित और संतोष बजाज ने दोबारा याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जमीन कलेक्टर की है। ट्रस्ट ने साल 1992 में जमीन कलेक्टर को दी है। इसलिए सरकारी जमीन बेचने का अधिकार ट्रस्ट को नहीं है और ना ही जमीन पर ट्रस्ट का दावा बनता।

ऑनलाइन भुइया आइडी में पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से जरहाभाठा स्थित खसरा नंबर 107/3 रकबा 0.0400 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 108/3 रकबा 0.9220 हेक्टेयर का पंजीयन कार्यालय से रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण के लिए आवेदन किया था। नामांतरण आवेदन पर अतुल बजाज ने आपत्ति पेश करते हुए बताया था कि उक्त जमीन शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा कालेज की संपत्ति है और कालेज के आधिपत्य में है। इससे संबंधित रिट अपील हाईकोर्ट के समक्ष लंबित है। इसके बाद उक्त अपील के सुनवाई दौरान संपत्ति को अवैधानिक प्रक्रिया द्वारा विक्रय करना माना गया। तहसीलदार ने अपने फैसले में कहा है कि हाईकोर्ट द्वारा छह जनवरी 2023 को पारित किए गए आदेश और दिए गए निर्देशों का नीलामी में पालन नहीं किया गया है।

## एक नजर

# सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में सुविधाओं पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

स्वास्थ्य सचिव को मामले में शपथपत्र प्रस्तुत करने का दिया आदेश

**बिलासपुर** । सेंदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या, मनोरोग चिकित्सक, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं पर हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य सचिव को मामले में शपथपत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि बिस्तरों की संख्या 200 की जा रही है और डाक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर रायपुर के अधिवक्ता विशाल कोहली ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। साथ ही मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर एक मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक डाक्टर है।प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें से मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा एक ईएनटी और एक आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार इलाज के लिए प्रदेश में की जा रही व्यवस्था और मानसिक चिकित्सालय में रिक्त पद भरने के लिए क्या किया जा रहा इस पर पूरी रिपोर्ट राज्य शासन से मांगी है।

## दीवार खोद कर चोरी का प्रयास, संचालक की नींद खुलने से भागे

**कोरबा** । नगर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ते जा रही है। इससे आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। शनिवार की रात को मुख्य सड़क में स्थित मां सर्वमंगला ज्वेलर्स की दुकान पर चोरों ने दीवार खोदकर चोरी का प्रयास किया, पर दुकान संचालक की नींद खुल जाने की वजह से चोर फरार हो गए।

संचालक ने बताया कि रात में दीवार में खोदने तथा ईंट गिरने की आवाज सुनाई दी। तब दुकान में सोए संचालक की नींद खुल गई और उन्होंने बाहर निकल कर देखा, तो तीन अज्ञात लोग दुकान के पीछे दीवार खोदने का प्रयास कर रहे थे। उसकी आहट सुन कर अज्ञात चोर भाग निकले, इससे बडी़ चोरी होने की घटना बच गई। नगर क्षेत्र में आए दिन छोटे मोटे चोरी की घटनाएं होते रहती है। अधिकतर लोग पुलिस मामले से बचने के लिए चोरी की रिपोर्ट नहीं करते। नगर में पेट्रोलिंग के लिए डायल 112 को तैनात किया गया है परंतु रात में पेट्रोलिंग नहीं किए जाने से चोरी की घटनाएं हो रही है। लोगों का कहना है क्षेत्र में कबाडी सक्रिय होने से चोरी की घटनाएं बढ गई है। इससे लोगों में दहशत बढ़ गई है ।

होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

# सभी मदिरा दुकान बंद रखने के निर्देश

**गौरेला पेंड्रा** । होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 25 मार्च सोमवार को होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर जिले की समस्त विदेशी मदिरा दुकान एफ. एल.1 (घघ) को पूर्णत: बंद रखने के आदेश जारी किए है। कलेक्टर ने संबंधित वृत्त आबकारी उप निरीक्षकों को यह सुनिश्चित करने कहा है कि उनके प्रभार क्षेत्र में सभी मदिरा दुकान 25 मार्च सोमवार को न तो मदिरा का विक्रय होने पाए और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार ही हो। इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए।




# आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण करने जिला अधिकारियों को निर्देश

बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी नहीं छोड़ें मुख्यालय- कलेक्टर

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिला अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लंबित विभागीय प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए विगत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इस कार्य में लापरवाही बर्दास्त नही होगी। इसलिए अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है, कोई भी अधिकारी-कर्मचारी उनकी अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।



कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए गठित किए गए उड़नदस्ता दल (एफएसटी) एवं स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के लिए जिला मुख्यालय में पदस्थ जिन अधिकारियों-कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है उन्हे तत्काल कार्यमुक्त करें। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेन्दूलकर, संयुक्त कलेक्टर आनंदरूप तिवारी एवं प्रिया गोयल, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे एवं पेण्ड्रारोड अमित बेक सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# स्वीप कार्यक्रम : गारमेन्ट फैक्ट्री की दीदियों ने ली मतदाता शपथ

मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने महिलाएं आ रही आगे

बिलासपुर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरुता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में लोगों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को पूरा करने जिले की महिलाएं सामने आ रही है।




इसी क्रम में बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ की प्रेरणादायिनी संकुल संगठन एवं गारमेन्ट फैक्ट्री की दीदियां भी स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने मतदाता शपथ लेकर अपने क्षेत्रवासियों को इस हेतु प्रेरित किया।

दीदियों के द्वारा बड़ी संख्या में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें। स्वीप मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है।

# कानून व्यवस्था नियंत्रित करने जिले में धारा 144 (दो) के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जिले में कानून व्यवस्था नियंत्रित करने धारा 144 (दो) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 16 मार्च 2024 से लोकसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिसके अनुसार जिले में मतदान 7 मई एवं मतगणना 4 जून को नियत है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संबंधी कार्यवाही पूर्णरूपेण शांतिपूर्वक एवं मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग बिना किसी डर, भय एवं दबाव के निर्भीकता पूर्वक करने के लिए जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने का उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का है। गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला आदिवासी बाहुल्य है। लोकसभा निर्वाचन के अवसर पर चुनाव सामग्री, मतदान दलों एवं चुनाव में भाग लेने वालों की सुरक्षा तथा मतदाताओं को बिना डर भय के निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने हेतु आवश्यक है कि चुनाव के अवसर पर कानून व्यवस्था को नियंत्रित किया जावे, ताकि चुनाव संबंधी आचार संहिता का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके। मुझे यह समाधान हो गया है कि यदि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर कानून व्यवस्था को नियंत्रित नहीं किया गया तो लोकशांति एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है।

आदेश में कहा गया है कि 16 मार्च से 6 जून 2024 तक किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वह अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, लाठी डण्डा एवं अन्य धारदार हथियार लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभा एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा व सशस्त्र जुलूस भी नहीं निकाला जायेगा इसके साथ ही जिला कार्यालय परिसर जिले के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 4 कोरबा एवं 5 बिलासपुर के मतदान केन्द्र, सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र तथा मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा।

ड्यूटी में तैनात सी.आर.पी.एफ. एस.ए.एफ. सशस्त्र बटालियन एवं अन्य सशस्त्र सुरक्षाकर्मी इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त रहेंगे। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह अथवा राजनीतिक-गैर राजनीतिक दल के सदस्यों द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विस्फोटक सामग्री, लाठी डंडा, अस्त्र शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा और न ही चलने के लिए किसी को भी प्रेरित किया जाएगा किसी भी प्रकार का धरना, जुलूस सभा अथवा रैली का प्रदर्शन जिला दण्डाधिकारी, अपर जिला दण्डाधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र में अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत अनुमति लिए बगैर नहीं किया जायेगा। यह आदेश गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले की सामान्य जनता को संबोधित किया जाता है और दण्ड प्रक्रिया की धारा 144(2) के अधीन एक पक्षीय पारित किया जाता है, क्योंकि परिस्थितियां ऐसी है कि समयाभाव के कारण पृथक से पूर्व सूचना देते हुए नोटिस दिया जाना संभव नहीं हो रहा है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा एवं 16 मार्च से 6 जून 2024 की रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

# जिला अस्पताल अचानक आ पहुंचे कलेक्टर, 30 में से 28 डॉक्टर नदारद

सभी अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**बिलासपुर** । शासकीय कार्यालयों के निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर अवनीश शरण ने आज जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। वे करीब सवा 9 बजे जिला अस्पताल अचानक आ पहुंचे। सवेरे की पाली में जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक डॉक्टरों के अस्पताल पहुंचकर मरीजों के इलाज करने शासन के निर्देश है। कलेक्टर करीब सवा 9 बजे जब जिला अस्पताल पहुंचे तो 28 डॉक्टर अनुपस्थित पाये गये। केवल दो डॉक्टर अस्पताल पहुंचे थे। सात डॉक्टरों की नाईट ड्यूटी होने के कारण उन्हें एक घण्टा बाद अस्पताल पहुंचना था।



कलेक्टर शरण ने इतनी बड़ी संख्या में एक साथ डॉक्टरों के गैरहाजिरी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। बड़ी संख्या में गरीब तबके के मरीज अस्पताल पहुंच गये थे। इलाज कराने डॉक्टरों का इंतजार करते परेशान हो रहे थे। कलेक्टर ने अनुपस्थित सभी डॉक्टरों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

सिविल सर्जन ने कलेक्टर के निर्देश पर अनुपस्थित सभी डॉक्टरों के एक दिन अवैतनिक करने के आदेश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता ने भी कई बार इन डॉक्टरों को समय पर उपस्थित होने की चेतावनी एवं ढर्रे में सुधार लाने की हिदायत दी थी। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित डॉक्टरों में विशेषज्ञ एवं सामान्य दोनों किस्म के डॉक्टर शामिल थे। शासकीय के अलावा एनएचएम के अंतर्गत भर्ती डॉक्टर भी अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित डॉक्टरों में डॉ. पी.के.मित्रा, डॉ. एस.के.दास, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ.मुग्धा लाडिकर, डॉ.आकांक्षा सिंह, डॉ.जिज्ञासा खन्ना, डॉ. बुधेश्वर सिंह, डॉ. जान्हवी चन्द्रा, डॉ. यश अग्रवाल, डॉ. श्रीमती मंजू करण, डॉ. कमला पटनायक, डॉ. एनएस चंदेल, डॉ. एशांक बंजारे, डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. महेन्द्र जायसवाल, डॉ. धर्मेन्द्र रमैया, डॉ, कासिम हसन खान, डॉ. एनके साव, डॉ.रविन्द्र बागड़े, डॉ. वंदना चौधरी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. व्हीके मिश्रा, डॉ. रमा घोष, डॉ. दीप्ति जायसवाल, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. सीपी करण, डॉ निधि कोराम तथा डॉ. रूद्राक्ष केशरवानी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024

# चुनाव सम्पन्न होने तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

कलेक्टर ने जारी किये आदेश


**बिलासपुर** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा तिथि के पश्चात आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है जो कि निर्वाचन समाप्ति तिथि तक लागू रहेगी। कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा आदेश जारी करते हुए निर्वाचन जैसे लोक महत्व के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की कार्यवाही सम्पन्न होते तक जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय केंद्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना, किसी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय परित्याग करेंगे। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की दशा में संबंधित कार्यालय प्रमुख या नियंत्रण अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 20 मार्च 2024

## फतेह का रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर हुआ जारी



बॉलीवुड के रियल हीरो सोनू सूद की मोस्ट अवेटेड फिल्म फतेह का टीजर रिलीज हो गया है. फतेह के टीजर से पता चलता है कि सोनू सूद अपनी इस फिल्म में कितना खौफनाक रोल करने जा रहे हैं. इस फिल्म को खुद सोनू सूद ने डायरेक्ट किया है. एक्टर ने फिल्म से एक पोस्टर रिलीज कर टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया था. अब सोनू ने देर ना करते हुए टीजर रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में सोनू सूद के साथ एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आ रहीं हैं। सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह का 1.40 मिनट का टीजर बेहद खौफनाक है।



बॉडीकॉन ड्रेस पहने एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने खींचा फैंस का ध्यान

## हॉट अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी शानदार बोल्ड एंड ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लु सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बॉडीकॉन आउटफिट में तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो काफी किलर नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी हॉट फोटोशूट से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर अंदाज लोगों के बीच ट्रेंड करता है।

हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं पूजा हेगड़े ने ब्राउन कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी बोल्ड और हॉट नजर आ रही हैं।

गले में नेकलेस, सटल बेस मेकअप और बालों को ओपन वेवी लुक स्टाइल देकर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

पूजा हेगड़े का ये लुक देखकर फैंस भी खुद को लाइक्स और कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पा रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने साउथ और बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी हर एक झलक पाने के लिए उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## अल्का गुप्ता ने मैं हूं साथ तेरे में अपना परफॉर्मेंस सभी माताओं को समर्पित किया

टीवी एक्ट्रेस अल्का गुप्ता जल्द ही सीरियल मैं हूं साथ तेरे में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने सीरियल में सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभाने के बारे में खुलासा किया।

इस शो में दर्शक सिंगल मदर की भूमिका में अल्का गुप्ता (जानवी) की उथल-पुथल भरी जर्नी देखेंगे। इस शो में पेरेंट्स बनने के दौरान एक मां के अनगिनत बलिदानों को रेखांकित किया गया है।

ग्वालियर में रहने वाली जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है। लेकिन मजबूत रिश्ता और प्यार के बावजूद, कियान खुद से ज्यादा अपनी मां के लिए पिता की मौजूदगी की कमी महसूस करता है।

कहानी तब और गहराई में चली जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजमेसमैन आर्यमान (करण वोहरा) से होती है। दोनों एक साथ काम करने लगते हैं। अल्का ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, यह पहली बार है कि मैं एक मां और सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभा रही हूं। मैं इसे लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। यह मेरे अब तक के किसी भी किरदार से काफी अलग है। देवों के देव...महादेव में अपने काम के लिए मशहूर अल्का ने कहा, मैं अपना परफॉर्मेंस उन सभी माताओं को समर्पित करना चाहती हूं जो अकेले ही अपने बच्चे का पालन-पोषण कर रही हैं। मैं हूं साथ तेरे का प्रीमियर जल्द ही जी टीवी पर होगा।



## मडगांव एक्सप्रेस का नया गाना नॉट फनी हुआ रिलीज, नोरा का दिखा ग्लैमरस अंदाज




रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट तैयार है. यह फिल्म अपने जबरदस्त ट्रेलर और गानों की वजह से दर्शकों के बीच मच अवेटेड फिल्मों में से एक बन गयी है. ऐसे में फिल्म के एक्टर्स भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, अपने फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने का और इसी सिलसिले को आगे लेकर जाते हुए एक्टर्स ने फिल्म से बीटीएस को शेयर किया है. फिल्म के चर्चा में रहने की वजह उसके गानों को मिल रहा प्यार भी है. ऐसे में मेकर्स ने उत्साह के पैमाने को और बढ़ाने के लिए दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स में अपना एक और गाना लॉन्च कर दिया ह. संगीतकार शारिब और तोशी के म्यूजिकल ब्रिलियंस, शारिब और अकासा सिंह के डायनामिक आवाज़ और कलीम शेख के जबरदस्त लिरिक्स के साथ, नॉट फनी एक संसेशन बनने का वादा करता है. दिल्ली में एक्सेल एंटरटेनमेंट ने मडगांव एक्सप्रेस का एक इवेंट रखा था. इस इवेंट में निर्देशक कुणाल खेमू, के अलावा लीड कास्ट प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, नोरा फतेही और अविनाश तिवारी को देखा गया. सभी को इवेंट में नॉट फनी की जादू को अनुभव करने के लिए उत्साहित देखा गया. नॉट फनी फिल्म मडगाव एक्सप्रेस की सार को समेटे हुए है, जो उसके फ्रेश कहानी और दिलचस्प किरदारों की एक झलक पेश करता है. दिल को छूने वाले रिथम और सुरीली धुन के साथ, यह गाना म्यूजिक लवर्स के लिए सही टोन सेट करता है, साथ ही यह फिल्म की यात्रा पर भी लेकर जाता है, जो एक यादगार सिनेमा देखने के एक्सपीरियंस की शुरुआत है.

## हरशिव कार्तिक फिल्म बहुमुखम का टीज़र आउट

बहुमुखम का टीज़र आउट। हरशिव कार्तिक आगामी फिल्म बहुमुखम में लेखक, डिजाइनर, निर्माता, निर्देशक और मुख्य अभिनेता के रूप में काम करते हुए कई भूमिकाएं निभा रहे हैं। गुड, बैड एंड द एक्टर टैगलाइन वाली यह फिल्म एक सस्पेंस ड्रामा थ्रिलर है, जिसे अटलांटा, मैकॉन, कैंटन और जॉर्जिया, अमेरिका के आसपास के इलाकों में विभिन्न स्थानों पर शूट किया गया है। हाल ही में, फिल्म की प्रचार गतिविधियां इसके फर्स्ट लुक पोस्टर के अनावरण के साथ शुरू हुई, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है, जिससे उत्साह और बढ़ गया है।



कहानी तनवीर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक हिरासत केंद्र में अपने प्रारंभिक वर्ष बिताने के बाद, अनिवार्य परामर्श सत्र के लिए मनोचिकित्सक दिशा से मासिक रूप से मिलता है।

दूसरे दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई में उछाल

## अदा शर्मा की फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी का हुआ बुरा हाल



सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म अच्छा परफॉर्म कर रही है. क्रिटिक्स से इस मूवी को अच्छे रिव्यूज मिले हैं. वहीं, दूसरी तरफ अदा शर्मा की 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' की हालत खराब नजर आ रही है. पहले दिन ये फिल्म एक करोड़ की भी कमाई नहीं कर पाई थी और दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर यही हाल है. जानिए 'योद्धा' और 'बस्तर' ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कितना बिजनेस किया है. सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' ने ओपनिंग डे पर ठीक-ठाक कलेक्शन किया था. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का खाता 4.1 करोड़ रुपये से खुला था. अब दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. 'योद्धा' ने शनिवार को 5.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह 'योद्धा' दो दिन में 9.85 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है.

अदा शर्मा की फिल्म 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' की हालत बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आ रही है. सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' के साथ क्लैश हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर सिर्फ 40 लाख रुपये की कमाई की थी. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे दिन फिल्म की कमाई 75 लाख रुपये हुई है. फिल्म ने देशभर में अब तक सिर्फ 1.15 करोड़ रुपये कमाए हैं.



## बांग्लादेश ने 2-1 से जीती वनडे सीरीज

टाइम-आउट सेलिब्रेशन कर श्रीलंका को चिढ़ाया, 4 खिलाड़ी चोटिल; राशिद का ऑलराउंड प्रदर्शन



चटगांव। राशिद हुसैन के ऑलराउंड प्रदर्शन के सहारे बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ 3 वनड की सीरीज का निर्णायक मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया। इस मैच में 4 खिलाड़ी चोटिल हुए। इस जीत से टीम ने रोमांचक सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इसके बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने टाइम-आउट सेलिब्रेशन करके श्रीलंकाई खिलाड़ियों को चिढ़ाया और वर्ल्ड कप के वाकय की याद दिला दी।

इसी के साथ दोनों एशियाई देशों की राइवलरी में एक और टर्म टाइम-आउट जुड़ गया। पहले इसे नागिन डांस रायवलरी के नाम से जाना जाता था। चटगांव में सोमवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 50 ओवर में 235 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बांग्लादेश ने 40.2 ओवर में 6 विकेट पर 237 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। राशिद हुसैन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने नाबाद 48 रन की पारी खेली और एक विकेट भी लिया। उन्होंने मुश्फिकुर रहीम के साथ नाबाद 59 रन की साझेदारी की।



मैच के दौरान एक कैच लेने के प्रयास में अनामुल हक और जाकर अली टकरा गए। कुछ देर बाद मुस्तफिजुर रहमान को क्रैंप आया। उन्हें स्ट्रेचर में बाहर ले जाना पड़ा।

मैच के दौरान एक कैच लेने के प्रयास में अनामुल हक और जाकर अली टकरा गए। कुछ देर बाद मुस्तफिजुर रहमान को क्रैंप आया। उन्हें स्ट्रेचर में बाहर ले जाना पड़ा।

### क्या है टाइम आउट विवाद

वर्ल्ड कप मैच के दौरान बांग्लादेशी कप्तान शाकिब अल हसन ने श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज के खिलाफ टाइम आउट अपील की और अंपायर्स ने उन्हें अहम मौके पर आउट दे दिया। बांग्लादेश ने उस मुकाबले को 3 विकेट से जीत लिया। इस पर खूब विवाद हुआ था। श्रीलंका की पारी के 25वें ओवर में सदीरा समरविक्रमा का विकेट गिरने के बाद एंजेलो मैथ्यूज ग्राउंड पर आए। वे बैटिंग के लिए तैयार हो रहे थे, तभी उनके हेलमेट का स्ट्रैप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया। जब तक ड्रेसिंग रूम से हेलमेट आता और मैथ्यूज खेलने उतरते, 2 मिनट का समय निकल गया था।

### दोनों के बीच 6 साल पुरानी राइवलरी

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच 2018 से ऑनग्राउंड राइवलरी चल रही है। तब निदाहास ट्रॉफी में बांग्लादेश के मुश्फिकुर रहीम ने श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में नाबाद 72 रनों की पारी खेलने के बाद नागिन डांस किया था। इसे श्रीलंका की टीम को चिढ़ाने के लिए की गई हरकत बताया गया। बाद में एशिया कप में जब श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराया, तब श्रीलंकन प्लेयर्स ने भी नागिन डांस किया।

एक नजर

## अश्विन को नहीं मिल रहे IPL ओपनिंग मैच के टिकट

सोशल मीडिया पर चेन्नई मैनेजमेंट से लगाई गुहार; 22 मार्च को मुकाबला

भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को IPL 2024 के ओपनिंग मैच के टिकट नहीं मिल रहे हैं। 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीजन में पहला मैच खेला जाना है। अश्विन खुद राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं लेकिन वे अपने बच्चों के लिए ओपनिंग मैच के टिकट खोज रहे हैं। अश्विन ने टिकट के लिए सोशल मीडिया पर CSK मैनेजमेंट से गुहार लगाई है। अश्विन का परिवार चेन्नई में रहता है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि इस मैच के टिकट की बहुत ज्यादा डिमांड है। मेरे बच्चे ओपनिंग सेरेमनी और मैच देखना चाहते हैं। IPL के टिकट सोमवार से ऑनलाइन मिल रहे हैं। पहले मैच का टिकट सोमवार को सुबह 8 बजे से मिलना शुरू हुआ। लेकिन कुछ ही समय में टिकट बिक गए।अश्विन का परिवार भी ऐप से टिकट नहीं खरीद पाया। जिसके बाद अश्विन को CSK मैनेजमेंट से अनुरोध करना पड़ा।



## इस्लामाबाद यूनाइटेड ने तीसरी बार जीता PSL

*फाइनल में मुल्तान सुल्तांस को 2 विकेट से हराया; इमाद वसीम प्लेयर ऑफ द मैच*




पाकिस्तान सुपर लीग के सोमवार को कराची में खेले गए फाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने मुल्तान सुल्तांस को 2 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही इस्लामाबाद यूनाइटेड तीसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बन गई है। इस्लामाबाद यूनाइटेड के जीत के हीरो इमाद वसीम और मार्टिन गुप्टिल रहे। वसीम के पांच विकेटों की बदौलत इस्लामाबाद ने मुल्तान को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। जबकि मार्टिन गुप्टिल के हाफ सेंचुरी की बदौलत इस्लामाबाद ने अंतिम गेंद पर दो विकेट शेष रहते हुए टारगेट को हासिल कर लिया। इस्लामाबाद यूनाइटेड की सबसे ज्यादा तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम है। इससे पहले इस्लामाबाद ने 2016 और 2018 में खिताब अपने नाम किया था। 6 साल बाद एक बार फिर इस्लामाबाद ने ट्रॉफी अपने पक्ष में किया। इस्लामाबाद के अलावा लाहौर कलंडर्स की टीम दो बार खिताब जीत चुकी है। वहीं, 2021 में पहली बार PSL का खिताब जीतने के बाद से मुल्तान सुल्तांस को 2022, 2023 और अब 2024 में लगातार तीसरी बार फाइनल में हार का मुंह देखना पड़ा है। कराची के नेशनल स्टेडियम में PSL के खेले गए फाइनल में मुल्तान सुल्तांस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए मुलातन सुल्तांस ने 9 विकेट पर 159 रन बनाए। उसके लिए सबसे अधिक उस्मान खान ने 40 गेंदों में 7 चौके और एक छक्का के दम पर 57 रन ठोके, जबकि इफ्तिखार अहमद ने 20 गेंदों में नाबाद 32 रनों की पारी खेली। उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के भी जड़े। कप्तान मोहम्मद रिजवान के नाम 26 गेंदों में 26 रन रहे। इमाद वसीम ने सिर्फ 23 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि शादाब खान ने 32 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

IPL 2024 सीरीज, पार्ट-2

## एक IPL मैच की कमाई पूरी पाकिस्तानी लीग के बराबर, 10 क्रिकेट लीग मिलकर भी इससे 4 गुना पीछे




इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का 17वां सीजन 2 दिन बाद शुरू होने जा रहा है। 2 महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट से BCCI बंपर कमाई करेगा। दुनिया की अन्य टॉप-10 क्रिकेट लीग मिलकर भी कमाई के मामले में IPL से करीब चार गुना पीछे हैं। पाकिस्तान अपनी फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग PSL से एक सीजन में ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से जितनी कमाई करता है, IPL एक मैच दिखाकर उतना कमा लेता है। IPL की ब्रांड वैल्यू 2023 में 88 हजार करोड़ रुपए आंकी गई, जो इसे क्रिकेट में लंबे फासले से नंबर-1 लीग बनाती है। IPL के बाद दुनिया की टॉप-10 क्रिकेट लीग की ब्रांड वैल्यू मिलकर करीब 20 हजार करोड़ रुपए है। दुनियाभर के बड़े ब्रांड्स की वैल्यूएशन करने वाली कंसलटेंसी ब्रांड फाइनेंस की रिपोर्ट अनुसार, IPL अकेले ही इन सब से 4.4 गुना ज्यादा-88,000 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू रखता है। यानी दुनिया की टॉप-10 लीग मिलकर भी ब्रांड वैल्यू में IPL से 340% कम हैं। क्रिकेट लीग की ब्रांड वैल्यू में दूसरे नंबर पर इंग्लैंड का द हंड्रेड टूर्नामेंट है। पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2,486 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू के साथ 5वें नंबर पर है। इसके ठीक नीचे भारत की विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) है, जिसकी ब्रांड वैल्यू 2,246 करोड़ रुपए है। ब्रांड वैल्यू किसी लीग के पूरे इकोसिस्टम की वैल्यू होती है। किसी टूर्नामेंट की ब्रांड वैल्यू उसके ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, रेवेन्यू, मैदान में आने वाले दर्शक, स्पॉन्सर, टाइटल राइट्स, टीवी और ऑनलाइन दर्शक, खिलाड़ियों की कीमत, टीमों की कीमत और विज्ञापनों से तय होती है।

## श्रेयांका WPL में दो बार 4-विकेट लेने वाली इकलौती प्लेयर

RCB पहली बार DC से WPL मैच जीता, पेरी ने सबसे ज्यादा रन बनाए




पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग में अपना पहला टाइटल जीता। सीजन-2 के खिताबी मुकाबले में टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। बेंगलुरु ने फाइनल जीतने के साथ ही WPL इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार हराया। इससे पहले पिछली चार भिड़ंत में RCB चारों बार हारा था। वहीं, मैच में 4 विकेट लेने वाले श्रेयांका पाटिल WPL में 2 बार 4 विकेट हॉल लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। जबकि, RCB की ही एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा रन बनाए। फाइनल में RCB के स्पिनर्स ने कुल 9 विकेट लिए। ये WPL के एक मैच में में किसी टीम के स्पिनरों द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं, इससे पहले यह रिकॉर्ड RCB के खिलाफ ही बना था। पिछले सीजन मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स ने टीम के खिलाफ एक मैच में कुल आठ विकेट लिए थे।

श्रेयांका पाटिल ने WPL में दो बार चार विकेट लिए हैं, दोनों ही कैपिटल्स के खिलाफ आए। उन्होंने पिछले रविवार को टीम के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट लिए और अब फाइनल में 12 रन देकर 4 विकेट लेकर दूसरी बार 4-विकेट हॉल पूरा किया।

# पांच दिवसीय अधिस्थापन प्रशिक्षण का हुआ समापन

## एससीईआरटी रायपुर के मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





डाइट जशपुर में आज पांच दिवसीय नवनियुक्त शिक्षकों की अधिस्थापन प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में नवनियुक्त शिक्षकों को मोटिवेट करने का उनमें उत्साह भरने का कार्य एस सी ई आर टी से आए हुए मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा बखूबी किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन शिक्षकों की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, चेतन और अवचेतन मन पर विस्तृत चर्चा हुई मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा शिक्षकों को मूल मंत्र दिया गया कि अपने लक्ष्य को लिखकर रखें या दीवाल पर चिपकाए। ताकि बार.बार आप उसे देखें और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से न भटके। दूसरे दिवस के प्रशिक्षण में तनाव प्रबंधन एभाषा और शिक्षा विभाग की संरचना पर चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षकों के द्वारा बताया गया कि यदि अच्छा काम करते हैं तो स्वयं को भी शाबाशी जरूर दें। तीसरे दिवस के प्रशिक्षण में संज्ञानात्मक क्षेत्र, स्वयं का कार्य,समुदाय की सहभागिता, संख्याओं की अवधारणा और विभिन्न प्रकार के शाला अभिलेख पर चर्चा हुई तथा ग्रुप प्रेजेंटेशन गणित की संक्रियाओं पर करवाया गया। जिसमें जिले के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा भी प्रेजेंटेशन दिया गया।चौथे दिवस के प्रशिक्षण में पूरे दिन नवा जतन के सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई और बच्चों में 6 सी क्रिटिकल थिंकिंग,क्रि,टिव थिंकिंग, कोलैबोरेशन, कम्पेशन, कॉन्फिडेंस और कम्युनिकेशन स्किल को निर्माण करने के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही किस तरह आप बच्चों को चुनौती दे सकते हैं एसीखने सिखाने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई और अंत में ग्रुप में बांट कर नव नियुक्त शिक्षकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया गया। पांचवें और अंतिम दिवस के प्रशिक्षण में जितनी भी बातें पिछले चार दिनों में हुई थी उसे समेकित करते हुए विद्यालय के वातावरण को बेहतर बनाने के तरीके,मूल्यांकन,परीक्षा और आकलन में अंतर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आधुनिक और परंपरागत खेलों के ऊपर भी चर्चा हुई। आजकल बच्चे परंपरागत खेलों से दूर है, जिसकी वजह से उनका शारीरिक विकास भी उस तरह नहीं हो पा रहा है जैसा होना चाहिए यह भी मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया गया। एस सी ई आर टी से आए हुए मास्टर ट्रेनर राजकुमार जलतारे, दीपेश पुरोहित,मनीष मिश्रा, चेतन कुमार पटेल, जानकी साहू ने अपनी ओर से पूरी कोशिश की की सारे नवनियुक्त शिक्षक को विद्यालयों के लिए पारंगत बनाने की। दीपेश पुरोहित एवं राजकुमार जलतारे सर के द्वारा विभिन्न विषयों पर शिक्षकों को चुनौती देते हुए विस्तृत चर्चा की गई तो मनीष मिश्रा के मीठे गीतों ने सबका दिल जीत लिया वही चेतन पटेल के द्वारा शाला अभिलेख, अवकाश और शिक्षा विभाग की संरचना पर विस्तृत रोशनी डाली गई तो जानकी साहू के द्वारा एफ एल एन पर चर्चा की गई।

इन सभी के अलावा जिले से चुने गए मास्टर ट्रेनर शंकर राम, अनिल मिश्रा एसीमा गुप्ता,मुकेश कुमार,निकिता नामदेव के द्वारा भी बीच-बीच में अपने अनुभव शेयर किए गए कि किस तरह उन्होंने अपने विद्यालयों में कार्य किया है। प्रशिक्षण के अंत में नवनियुक्त शिक्षकों ने डाइट के प्राचार्य एम जेड यू सिद्दीकी और उप प्राचार्य संगीता भोय को तथा समस्त मास्टर ट्रेनर्स को स्मृति स्वरूप पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वस्तुएं भेंट की और इन पांच दिनों में जो कुछ भी उन्हें बताया गया और जो उन्होंने सीखा उसके लिए सभी को धन्यवाद दिया। समापन के अंत में अपने उद्बोधन में एस संगीता भोय के द्वारा स्कूलों में होने वाले कार्यों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को मोटिवेट किया गया कि अब आप सभी दोगुनी एनर्जी के साथ अपने विद्यालयों में जाकर कार्य किजिए।

डाइट के प्राचार्य एम जेड यू सिद्दीकी के द्वारा कहा गया कि जब आप घर से निकलते हैं तो विद्यालय तक के रास्ते में आप सोचते हुए जाइए कि आज आपको क्या करना है आप देखेंगे कि विद्यालय पहुंचने तक आपके मन में निश्चित ही नए विचार आ चुके होंगे जो आप अपने विद्यालय के बच्चों को दे पाएंगे। अपने बात का समापन उन्होंने उर्दू की एक शायरी से किया कि मिटा दे अपनी हस्ती को गर कुछ मर्तबा चाहे कि दाना खाक में मिलकर, गुले गुलजार होता है। प्रकोष्ठ प्रभारी आर बी चौहान और विनोद कुमार पैकरा के द्वारा भी शिक्षकों को मोटिवेट किया गया और साथ ही अंत में सभी को प्रशस्ति पत्र देकर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

## एक नजर

### चचेरे भाई के साथ जा रहा युवक ने बाइक रूकवाकर बांध में लगा दी छलांग, मौत

o दर्री बांध में छलांग लगा कर आत्महत्या क्यों की, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका

**कोरबा** । अपने चचेरे के भाई के साथ बाइक में जा रहा युवक जैसे हसदेव बराज के पास पहुंचा, तो उसने बाइक रूकवाई। भाई कुछ समझ पाता, इसके पहले ही युवक ने दर्री बराज में छलांग लगा दी। घटना से हक्के- बक्के रह गए भाई ने दर्री पुलिस को सूचना दी। रात होने की वजह से रेस्क्यू आपरेशन नहीं चल सका। सुबह पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया।

मृतक का नाम अजय पाल तंवर 28 वर्ष है। जो बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत ग्राम जवाली निवासी बृजलाल तंवर का पुत्र है। अजय ने दर्री बांध में छलांग लगा कर आत्महत्या क्यों की, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करा शव अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में स्वजनों व परिचितों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### बरातियों से मारपीट व वाहन में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा** । दूल्हे के भाई व बारातियों के साथ गाली- गलौच कर डंडा व बेल्ट से मारपीट की गई। इसके साथ ही बारातियों का वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपित को गिरफ्तार किया है।

घटना उरगा थाना अंतर्गत ग्राम जमनीपाली में हुई, पर रिपोर्ट सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस में दर्ज कराई गई। बताया जा रहा है कि ग्राम दादरखुर्द मानिकपुर निवासी संतोष कुमार पटेल के बड़े पुत्र दिनेश कुमार की शादी ग्राम जमनीपाली थाना उरगा में तय हुई थी। सात मार्च को संतोष कुमार अपने परिवार के सदस्यों व रिश्तेदार समेत अन्य लोगों के साथ बरात लेकर जमनीपाली गए थे। जहां सभी नाच कूद रहे थे, तभी रात 8.30 बजे के लोकनाथ पटेल,किशन, लकेश्वर पटेल, कमल सिंह व अन्य लोग लोग पुरानी रंजिश व बात को लेकर मां- बहन की गाली गलौच करते हुए जान सहित मारने की धमकी दिए और एक राय होकर हाथ मुक्का, बेल्ट व डंडा से दूल्हे के भाई सुरेश कुमार पटेल व बारातियों के साथ मारपीट किए। घटना में छोट भाई हरीश पटेल, दादा संतराम पटेल दोनों के सिर में एवं देवेन्द्र के सीने के पास चोट लगी।

इसके साथ ही लोकनाथ, किशन, लकेश्वर पटेल, कमल सिंह समेत अन्य लोगों ने बारात में गए वाहनों में तोड़फोड़ किए। घटना की रिपोर्ट दूल्हे के छोटे भाई सुरेश कुमार ने पुलिस के समक्ष दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 427, 34 कायम कर विवेचना में लिया। इस दौरान पुलिस ने सरपंच, कोटवार समेत अन्य लोगों का बयान लिया, तब पता चला कि लकेश्वर पटेल गांव में नहीं है। प्रार्थी व गवाहों के कथन में पाया गया कि प्रार्थी के रिपोर्ट दर्ज कराते समय उनके साथियों द्वारा बताए अनुसार गौरीशंकर पटेल के नाम के स्थान पर लकेश्वर पटेल नाम से रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित लोकनाथ पटेल 19 वर्ष, कमल सिंह कंवर 20 वर्ष, किशन कुमार पटेल 20 वर्ष, गौरी शंकर पटेल उर्फ लाला 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम जमनीपाली सोहागपुर थाना उरगा जिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया।

### पहाड़ी कोरवा ने शिक्षक पर लगाया 10.53 लाख ठगने का आरोप

**कोरबा** । माध्यमिक शाला देवपहरी में भृत्य की नौकरी करने वाले एक पहाड़ी कोरवा ने शिक्षक पर 10 लाख 53 हजार 500 रूपये ठगने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शिक्षक ने नौकरी बचाने के नाम पर उससे राशि ली, अब और राशि की मांग कर रहा है। कलेक्टर को लिखे पत्र में पहाड़ी कोरवा सुंदर साय ने बताया कि वह माध्यमिक शाला देवपहरी मे भृत्य का काम करता है। बीच- बीच में स्कूल नहीं गया। इसकी वजह से शिक्षक करम ने शिकायत करने की बात कही। तब सुंदर ने नौकरी बचाने की गुहार करम से लगाई। इस पर उसने राशि देने की बात कही। सुंदर ने बताया कि वह बैंक ले गया और 4.50 लाख रूपये लोन निकलवाया। उसमें 2.10 लाख रुपये देकर शेष राशि 2.40 लाख वरिष्ठ साहब को देने के नाम पर रख लिया। इसके बाद पुन: करम ने कहा कि बड़े साहब पैसा के लिए बोल रहे हैं। तब दो लाख 10 हजार रूपये खर्च होने की जानकारी देने पर करम ने कहा कि अभी मै साहब के लिए अपना पैसा दे देता हूं, लेकिन बाद में पूरा पैसा ब्याज समेत वापस करना। इसके बाद करम गुरू पैसा मांगने लगा। साथ ही कहा है कि पैसा नहीं है तो फिर से लोन निकलवा देता हूं। इसके बाद उन्होने 25 मार्च 2021 को 6.50 लाख रूपये लोन निकलवाया। इसमें 1.60 लाख रूपये दिया और शेष चार कोरे चेक में हस्ताक्षर कराकर रख लिया। सुंदर ने बताया कि जब पेमेंट लेने बैंक गया, तब उसे पता चला कि खाता में राशि नही है। बैंक वालों ने बताया कि उसके चेक से 1.40 लाख, 83500 तथा एक लाख रूपये निकाल लिया गया है। इस संबंध में करम से चर्चा किया तो उन्होंने कहा कि नौकरी खा जाउंगा और किसी को बताया तो खुद फंस जाने की धमकी दे रहे हैं।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन 18 मार्च से प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 18 मार्च 2024 से पंजीयन प्रारंभ है। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 05 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित है। इनमें बगीचा विकासखण्ड के सन्ना में कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय 60 सीट संचालित है। इसी प्रकार संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जशपुर विकासखंड के घोलेंग, कांसाबेल के ढुढरूडांड, पत्थलगांव के सुखपारा एवं फरसाबहार में 60-60 सीटर छात्रावास शामिल हैं। वर्तमान में जशपुर विकासखण्ड के संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कन्या छात्रावास टिकैतगंज, कांसाबेल विकासखंड के पो.मै.कन्या छात्रावास बटाईकेला, पत्थलगांव विकासखंड के प्री.मै.बालक छात्रावास सराईटोला एवं पो.मै. कन्या छात्रावास फरसाबहार में संचालित है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन तथा प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन वेबसाइट पर किया जा सकता है। वेबसाइट में ऑनलाईन आवेदन हेतु 18 मार्च 2024 से प्रारंभ है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024,भरे फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 19 से 29 अप्रैल एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 18 मई 2024 निर्धारित की गई है।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लंबित विभागीय प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए विगत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इसलिए अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है, कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगें। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागीय समस्याओं का आकलन कर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधोसंरचना, मानव संसाधन, विभागीय योजना तथा विभाग से संबंधित विशेष प्रोजेक्ट हो तो अवगत कराने कहा।

जिससे बेहतर किया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से छात्रावास आश्रम, शौचालय, बाउंड्री वॉल मरम्मत कार्य जैसे समस्याओं का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे निराकरण के लिए कार्य योजना बनाई जा सके। उन्होंने मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए विभाग वार जानकारी उपलब्ध कराने कहां। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए सौंपे गए दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार,अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर,सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## निर्वाचन की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिले में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारियों के तहत सभी नोडल अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए दायित्व का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था, प्रशिक्षण कार्यक्रम, निर्वाचन नामावली, ईवीएम, व्हीव्हीपॅट की उपलब्धता, रूट चार्ट, मतदान सामग्री, कानून एवं व्यवस्था, वाहन, कंट्रोल रूम, स्वीप गतिविधि, वेब कास्टिंग, एमसीएमसी,मतपत्र मुद्रण, मतगणना एवं स्ट्रांग रूम के बाहर की व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था, फ ायर ब्रिगेड, वीडियो ग्राफी आदि के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार,डीएफ ओ जितेन्द्र उपाध्याय, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर,सर्व एसडीएम सहित सभी गतिविधियों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



लोकसभा निर्वाचन 2024

## स्थैतिक दलों और उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी ने अपर कलेक्टर श्रीकांत वर्मा की उपस्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट और तीन या चार पुलिस कर्मी होंगे जो चेक पोस्ट पर कार्यरत होंगे। यह दल प्रमुख मुख्यमार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित करेगा और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रखेगा। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। निर्धारित फार्मेट में दैनिक कार्यकलाप रिपोर्ट भेजेगा और उसकी प्रति आरओ, डीईओ और व्यय प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस मुख्यालय के नोडल अधिकारी जिले की ऐसी सभी रिपोर्टों का संकलन करेंगे और उसी दिन फैक्स/ई मेल के जरिए आयोग को भेजा जायेगा। इसके साथ ही उसकी एक प्रति राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी भेजी जायेगी।

स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दल सी-विजिल व ईएसएमएस ऐप में सक्रिय रहेंगे। उसके आधार पर आगे की कार्यवाही करेंगे। स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा संपूर्ण जांच प्रक्रिया कार्यपालन मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की जाएगी और उसकी वीडियोग्राफी की जाएगी।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## निर्वाचन की प्रारंभिक तैयारी जितना अच्छी करेंगे, उतना ही अच्छे से निर्वाचन कार्य को संपादित कर सकेंगे:- कलेक्टर

### सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि निर्वाचन की प्रारंभिक तैयारी जितना अच्छी करेंगे, उतना ही अच्छे से निर्वाचन के कार्य को संपादित कर सकेंगे। सभी सेक्टर अधिकारी रूट चार्ट के आधार पर आवश्यक तैयारी कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लें, मतदान दलों की केंद्रों में पहुंच और वापसी समय पर करवाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को प्रेरणा सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन हेतु बनाए गए सेक्टर अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्देश दे रहे थे।




कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन हेतु बनाए गए सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्र में वनरेबल मैपिंग की जानकारी होनी चाहिए। सेक्टर अधिकारी को मॉक पोलिंग समय पर करवाने, रिपोर्टिंग निर्धारित समय पर करने, सेक्टर अधिकारी व पीठासीन की डायरी में डाटा में कोई असमानता नहीं हों और संभावित आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त ईव्हीएम मशीन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने पहली बार सेक्टर अधिकारी बनने वाले अधिकारियों से चर्चा कर सजगता के साथ दायित्व निर्वहन किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों को दी जाने वाले तीन चरणों को प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था, मतदान दलों को सामग्री वितरण पश्चात मतदान केंद्रों के लिए रवानगी, मतदान के दिन सही समय पर मॉक पोल करवाने, समय-समय मतदान की रिपोर्टिंग, ईवीएम मशीन सहित मतदान दलों की सकुशल वापसी, समय पर पूरा फॉर्मेट का संधारण, सीलिंग सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही विधानसभा निर्वाचन में बने सेक्टर अधिकारियों से उनके अपने अनुभव के आधार पर आई समस्या पर भी चर्चा किया गया। साथ ही ईव्हीएम मशीन का भी हैंड ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री सुनील शर्मा, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 20 मार्च 2024

# नौकरी का झांसा देकर शासकीय कर्मचारी ने बेरोजगार युवक-युवतियों से लुटे लाखों रुपए

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




जिले के कटगी शासकीय हाई स्कूल में विज्ञान के शिक्षक के रूप में पदस्थ मड़वा निवासी शांतनु भारद्वाज पिता गीताराम भारद्वाज पर जिले के ही रहने वाले कुछ युवक युवतियों ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचकर जिलाधीश केएल चौहान एवं नव पदस्थ अति. पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर को आवेदन के माध्यम से अपने साथ नौकरी दिलाने के नाम पर शासकीय कर्मचारी शांतनु भारद्वाज द्वारा किए गए लाखों रुपए की लूट की जानकारी दी एवं आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई। पीड़ित चंद्रकुमार पटेल पिता कचरूराम पटेल निवासी सरखोर लवन थाना ने इस संबंध में बताया की मेरे साथ ये ठगी जुलाई 2023 में हुई थी शांतनु भारद्वाज ने समाचार पत्र में जॉब वेकेंसी का विज्ञापन दिया था जिसमें संपर्क करने पर मुझे एस जी पी जॉब प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय न.538 पांचवी मंजिल कैपिटल प्लाजा मार्केट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ पिन न. 492015 में बुलाकर अपनी ऊंची पकड़ मंत्रालय में सेटिंग का झूठा दिलासा देकर कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी मंत्रालय में दिलाने की बात कही और 60 हजार रुपए मुझसे और मेरे दोस्त शिवकुमार कैवर्त्य पिता रजऊ गंगई निवासी से मांग की हम दोंनो ने जैसे तैसे व्यवस्था की और नकद एवं फोन पे के माध्यम से क्रमश:55000 एवं 62500 एवं 12वीं की ओरिजनल अंकसूची शांतनु भरद्वाज को दे दी लेकिन इसके बाद वो हमें गुमराह करता रहा हम उसके गांव मड़वा एवं कटगी स्कूल जहां वो पदस्थ है मिलने की कोशिश किए इसका कोई फायदा नही हुआ स्कूल में भी शांतनु भरद्वाज अपनी पहुँच और पैसे के बल पर अपने स्थान पर किसी अन्य को दैनिक वेतन देकर बच्चों को पढ़ाने भेजता है और उसके दबदबे को देखकर कटगी स्कूल के प्राचार्य व अन्य कर्मचारी भी कुछ नहीं कहते हमने पुलिस में भी इसकी शिकायत की लेकिन वो लोग हमें लालपुर लवन गिधौरी थाने जाने को कहते रहे थक हार कर हमने विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी से संपर्क किया उनके नेतृत्व में हम सभी पीड़ित



सोमवार को जिलाधीश,अति.पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर पुरे मामले एवं घटनाक्रम की जानकारी दी उच्च अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। हमें न्याय नहीं मिलने की स्थिति में हम भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन भी करेंगे और आरोपी शांतनु भारद्वाज को उसके किए की सजा दिलवा कर ही रहेंगे। कार्यवाही की मांग करने वालों में विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी ने कहा की यह बहुत ही गंभीर मामला है गरीब बेरोजगार युवाओं से नौकरी देने के नाम पर लाखों की लूट करने वाले शांतनु भारद्वाज को सख्त सजा मिलनी चाहिए एवं पीड़ितों को उनके पैसे सूत समेत वापस दिलाए जाएं। शिकायत कर्ताओं में विहिप जिला मंत्री राजेश केशरवानी,बजरंगदल प्रखंड संयोजक विनय फेंकर के साथ पीड़ित शिवकुमार कैवर्त्य गंगई, चंद्रकुमार पटेल सरखोर,संतोष कुमार वर्मा लटुवा, दुर्गा कलेश साहू डमरू नयापारा, किरण ध्रुव कुकुरदी,सीता निषाद बम्हनमुडी, सत्यप्रकाश नायक लटुवा, संजीता माने बबा कुंदन माने बबा सम्मिलित हुए पीड़ितों के अनुसार केवल इन सम्मिलित लोगों से ही 10 लाख रुपयों की वसूली की गई है और पीड़ितों की संख्या सैकड़ों में है शांतनु भारद्वाज ने करोड़ों की अवैध कमाई कर गांव में मकान शहरो में प्लाट एवं चार पहिया लक्जरी महंगी दो तीन गाड़िया भी रखी हैं इसकी भी जांच की जानी चाहिए। अति.पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने इस मामले में तत्काल एफआई दर्ज कर सख्त कार्यवाही करने की बात कही।

## एक नजर

### छूटे मतदाता, मतदाता सूची में नाम जोड़ना और सुधार शीघ्र कराएं

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग के रिटर्निंग आफिसर आरओ हैंडबुक में दिए गए निर्देशानुसार निर्वाचन के नामांकन के शुरूआत के पूर्व जितनी जल्दी हो सके, नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। साथ ही मतदाता सूची में कोई त्रुटि है तो उसका सुधार भी करवा सकता है। नागरिक नये मतदाता के लिए फार्म 6 वोटर हेल्पलाइन एप्प में भरकर स्वयं ऑनलाइन जमा कर सकता है या भौतिक रूप से स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ या तहसील कार्यालय के निर्वाचन शाखा में फार्म 6 जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है। इसी प्रकार फार्म-8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम सुधार भी कर सकते हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में रायगढ़ और जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के नामांकन के पूर्व जितनी जल्दी हो सके दोनों लोकसभा क्षेत्र के निवासी मतदाता सूची में नाम जुड़वाना और सुधार कर सकेंगे।

### छूटे मतदाता, मतदाता सूची में नाम जोड़ना और सुधार शीघ्र कराएं

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग के रिटर्निंग आफिसर आरओ हैंडबुक में दिए गए निर्देशानुसार निर्वाचन के नामांकन के शुरूआत के पूर्व जितनी जल्दी हो सके,नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। साथ ही मतदाता सूची में कोई त्रुटि है तो उसका सुधार भी करवा सकता है। नागरिक नये मतदाता के लिए फार्म.6 वोटर हेल्पलाइन एप्प में भरकर स्वयं ऑनलाइन जमा कर सकता है या भौतिक रूप से स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ,या तहसील कार्यालय के निर्वाचन शाखा में फार्म 6 जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है। इसी प्रकार फार्म.8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम सुधार भी कर सकते हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में रायगढ़ और जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के नामांकन के पूर्व जितनी जल्दी हो सके दोनों लोकसभा क्षेत्र के निवासी मतदाता सूची में नाम जुड़वाना और सुधार कर सकेंगे।

### कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा आचार संहिता के कारण जिले के विधायक से लिपिकीय सेवा वापस करने पत्र लिखा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के विधायक को पत्र जारी किया है। कलेक्टर ने अपने पत्र में लिखा है कि आपके निज सहायक के रूप में नियुक्त अधिकारीए कर्मचारी को जिला निर्वाचन कार्यालय, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

### कलेक्टर साहू ने जारी किया आदेश, लोकसभा चुनाव 2024 तक के लिए मतदान केंद्र भवन और परिसर अधिग्रहित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील दिनांक से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 02 रायगढ़ एवं लोकसभा क्षेत्र 03 जांजगीर चांपा में कुल 651 मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। इन स्थापित मतदान केंद्र के भवनो और परिसर को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान प्रक्रिया समाप्ति तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में उल्लेखित नियमों के तहत अधिग्रहण किया जाता है।

### पुलिस ने 659 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की

**कोरबा** । बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना- चैकी पुलिस विशेष अभियान चलाकर मुख्य मार्ग, चैक- चैराहों पर पेट्रोलिंग कर रही है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत अभी तक जिले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों 659 लोगों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों को न्यायालय प्रस्तुत कर 10 हजार रुपये सम्मन शुल्क जमा कराया गया। पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग करते हुए गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। .

# ई-जिला प्रबंधक और जनपद सीईओ कुनकुरी सम्मानित

कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया प्रशंसा पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने ई-गर्वनेंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी के ई.जिला प्रबन्धक नीलांकर बासु को अपने दायित्वों के साथ-साथ मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन सॉफटवेयरों का सुचारू संचालन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं निर्वाचन कार्यों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जाकर सुचारू रूप से समयावधि में संचालित किए जाने पर उपरोक्त उत्कृष्ठ कार्य के लिये प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया है। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुनकुरी कमलकान्त श्रीवास को शसक्त जशपुर के तहत् श्रमवेन शिविर का कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बन्दरचुआं, बेमताटोली, लोधमा, गड़ाकटा, जोकारी घटमुण्डा, कलिवा, बरांगजोर, केराडीह, ढोढीबहार, खण्डसा, गिनाबहार एवं जामचुआ में श्रमवेन आयोजन करने और शिविर में 1300 प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण समयावधि में करने के साथ ही 161 आवेदन पत्रों में विकलांग व्यक्तियों का विकलांग प्रमाण पत्र तैयार किया गया। कलेक्टर ने उक्त उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशंसा के पात्र बताते हुए सम्मानित किया है।

# कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू बरमकेला सरिया क्षेत्र के दौरे पर रहे

कलेक्टर साहू ने छात्रावास एवं जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू बरमकेला एवं सरिया क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान कलेक्टर ने झनकपुर स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया एवं छात्रावास के रजिस्टर में बच्चों की उपस्थिति एवं अन्य जानकारियों की जांच की कर छात्रावास प्रबंधन और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उपस्थित विभागीय अधिकारी को छात्रावास निरीक्षण का रिपोर्ट बनाकर रखने के लिए कहा। इसके साथ ही कलेक्टर साहू ने छात्रावास की छात्रों से मुलाकात किए एवं उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा, जिस पर छात्राओं ने साईकिल स्टैण्ड की मांग की एवं मनोरंजन के लिए टीवी की मांग किए, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक करने हेतु आश्वस्त किया। इसके पश्चात् कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत चले रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साहू ने इस निरीक्षण में ग्राम बिलाईगढ़ स, के निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण किया एवं उपस्थित विभागीय अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा ग्राम भिखमपुरा स्थित नवनिर्मित पानी टंकी कार्य का निरीक्षण किया एवं शेष कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, आदिवासी विभाग के अधिकारी आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी ब्रिजेंद्र ठाकुर, बरमकेला सीईओ प्रज्ञा यादव, एसडीओ लोक निर्माण विभाग एवं तहसीलदार कोमल साहू उपस्थित थे।



# अवैध महुआ शराब बनाने में कुख्यात भैंसामुडा डेरा टुण्डरा में मारा छापा

110 किलोग्राम महुआ पास लहान किया बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ, विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक केण्सीण्दास के निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। मुखबिर से सूचना मिली कि भैंसामुडा डेरा टुण्डरा में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास लहान, भारी मात्रा में रखा गया है, कि सूचना पर 19 मार्च 2024 को थाना गिधौरी से निरीक्षक केसी दास, प्रधान आरक्षक पीलाराम, आरक्षक सुजीत तम्बोली एवं महिला आरक्षक उर्मिला के सांथ भैंसामुडा डेरा टुण्डरा में रेड कार्यवाही किया गया। कार्रवाई में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 7,000 कीमत मूल्य का 110 किलोग्राम अवैध महुआ लहान पास, बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। इसके साथ ही मौके पर अवैध रूप से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल चूल्हा, बर्तन आदि को भी नष्ट किया गया। कार्यवाही के इसी क्रम में महिला आरोपिया पूर्णिमा गोड पिता तुलसी गोड उम्र 42 वर्ष निवासी भैंसामुडा डेरा टुण्डरा थाना गिधौरी को अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपिया से 4200 कीमत मूल्य का 21 लीटर महुआ शराब एवं बिक्री रकम 200 जप्त कर आरोपिया के विरुद्ध अपराध धारा 34;2, आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अपने ही पैसे निकालने भटक रहे किसान

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।

चुनाव आयोग द्वारा जैसे ही आचार संहिता की घोषणा की गई लवन क्षेत्र के किसान परेशान नजर आ रहे हैं अपने ही पैसा निकालने के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं दो से तीन दिन तक बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद पूरा राशि नहीं मिल पा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित लवन शाखा में किसानों को दो से तीन दिन तक अपने ही पैसा निकालने के लिए भटकना पड़ा है शासन द्वारा समर्थन मूल्य की अंतर राशि की घोषणा के बाद जिला सहकारी बैंक में किसानो की लंबी लंबी लाइनो की कतार लग गई है जहाँ अपना पैसा निकालने पहुंच रहे हैं इस समय शादी-विवाह व रवि फसल खेती का समय है ऐसे में अधिकांश ग्राहकों को, जिन्हें अधिक रुपये निकालने की आवश्यकता है उन्हें प्रतिदिन बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है इसके



बावजूद पर्याप्त धनराशि नहीं मिल पा रही है इससे खाताधारकों व बैंक कर्मचारियों में प्रतिदिन बहस होना आम बात हो गई है वहीं हमारे संवाददाता ने बेदराम सेन अहिल्दा ,देवीप्रसाद वर्मा कोरदा,मधुसूदन वर्मा कोरदा,अनंदा साहू लवन,मनहरण लाल साहू कोयदा,हेतराम साहू खैन्दा ,राजेन्द्र प्रसाद वर्मा,कोलिहा गणेश राम पैकरा खम्हारडीह इन सभी खाताधारक किसानों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि कई बैंक कर्मियों द्वारा बहुत से किसानों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है शुक्रवार को पासबुक जमा किए है सोमवार को दोपहर तक पैसा नहीं निकल पाया है बहुत से किसानों को पैसा खत्म हो गया है कह कर वापस भेज देते हैं किसानों को लिमिट कम है बोलकर कम पेमेंट भी करने की बात भी खाताधारक द्वारा कहा गया एक ओर शासन द्वारा किसानों को सुविधा प्रदान करने राशि उनके अकाउंट में सीधे डाला जा रहा है तो वहीं बैंक मैं पूर्ण रूप से पैसा नहीं होने के कारण एवं भारी भरकम भीड़ एवं बैंक कर्मियो के मनमानी के कारण खाताधारक किसान अत्यधिक परेशान नज़र आ रहे है पैसा निकालने किसान सुबह 8 बजे से ही लवन शाखा पहुंच जाते हैं क्रमश: पासबुक जमा कर अपनी पारी का इंतजार करते हैं घंटों लाइन में लगे पश्चात जब उनका नंबर आता है तब तक बैंक में पैसा खत्म हो जाता है वह किसान पुन: दूसरे दिन दोबारा बैंक पहुंचता है जहां उन्हें शुरू से फिर बैंक में लाइन लगकर फिर से वही प्रोसेस करना पड़ता है जिला सहकारी बैंक लवन शाखा क्षेत्र में एकमात्र बैंक है जहां बड़ी संख्या में किसान उपस्थित होते हैं जिससे भीड़ उत्पन्न होती है वहीं किसानों ने अन्य जगह और शाखा खोलने की मांग की है इस संबंध में शाखा प्रबंधक शिवकुमार साहू से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया

# बस स्टैंड पर लुक-छिप कर सट्टा-पट्टी लिख रहे व्यक्ति को धरमजयगढ़ पुलिस ने पकड़ा

## धरमजयगढ़ पुलिस ने आरोपी पर जुआ एक्ट के साथ की गई प्रतिबंधक कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर निकटवर्ती होली त्यौहार एवं आम चुनाव को देखते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में नव पदस्थ थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमल पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ सट्टा में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में मुखबीरों से सूचनाएं ली जा रही है । इसी कड़ी में आज दोपहर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को धरमजयगढ़ बस स्टैंड पर एक व्यक्ति द्वारा सट्टा पट्टी लिखने की मुखबिर से सूचना मिली सूचना पर तत्काल धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा बस स्टैंड पर रेड कार्रवाई



किया गया । मौके पर शैलेंद्र मिश्रा पिता टीकादत्त मिश्रा उम्र 38 साल निवासी मस्जिद पारा धरमजयगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया है जिसके पास से सट्टा में लगी नगद 1270 रुपए एक पेन और सट्टा पट्टी लिखा पर्ची जप्त कर थाना लाया गया । कार्रवाई को लेकर आरोपित शैलेंद्र मिश्रा के कृत्य पर विरुद्ध धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम अपराध पंजीबद्ध कर पृथक से धारा 107, 116(3)/151 CrPC के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है । जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर एएसआई अमृत मिंज आरक्षक किशोर राठौर विनय तिवारी कमलेश्वर सिंह राठिया और महिला आरक्षक संगीता भगत नीरा पैंकरा शामिल थी ।

# महिला स्वास्थ्यकर्मी की हत्या, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की फरसा से काटकर एक सनकी युवक ने हत्या कर दी। आरोपी ने महिला को पहले गलियों में दौड़ा-दौड़ाकर मारा है। बताया जा रहा है कि सनकी हत्यारा पहले इसी युवती से रेप के आरोप में जेल चुका है। पूरा मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बासीन का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अराधना साहू सिरींकला अस्पताल में पदस्थ थी। वह लगभग पांच बजे के आस-पास ड्यूटी खत्म कर स्कूटी से घर लौट रही थी। इस दरम्यान उसके साथ एक सनकी युवक भी पीछे बैठा था,जिसके साथ दोनों चलती स्कूटी पर ही झगड़ रहे थे। इसी दौरान स्कूटी टकरा कर गिरी और युवती आरोपी से बचकर दौड़कर



भागने लगी। पीछे-पीछे आरोपी हथियार लेकर दौड़ता रहा। बासीन गांव की गलियों में दौड़ती युवती जान बचाने एक अंजान घर में जा घुसी, लेकिन वहां आरोपी ने युवती को फरसा से सिर और गले में वार कर मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव के पास खेत में जाकर छुपने की कोशिश की,लेकिन सूचना के बाद तत्काल फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक की पहचान नयापारा निवासी श्याम साहू के रूप में की गई है।मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। कुछ माह पहले भी मृतक युवती ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला फिंगेश्वर थाने में दर्ज कराई थी,जिस पर कार्रवाई भी हुई है।आरोपी अक्सर युवती को परेशान करता था। बताया जा रहा है कि वह जबरदस्ती स्कूटी पर सवार हो गया था। हत्या के मंशा से आया युवक पहले से ही अपने पेंट में हथियार छुपा रखा था। मामले में डीएसपी निशा सिन्हा ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ युवती ने पहली भी शिकायत की थी, जिस पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। मामले की जांच और पूछताछ की जा रही है। बता दें कि युवती ने 21 मई 2022 को आरोपी श्याम साहू के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत फिंगेश्वर थाने में मामला दर्ज कराया था।

# नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट में भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

18 मार्च को थाना धरमजयगढ़ में नाबालिक बालिका के साथ सुशांत राय उर्फ भम्बोल बंगाली नाम के व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट नाबालिक बालिका के परिजन द्वारा आवेदन देकर दर्ज कराया गया।

बालिका के परिजन बताये कि कल दोपहर करीब 3 बजे बालिका को सुशांत राय उर्फ भम्बोल बंगाली अपने लूना में बैठकर गांव के बाहर खेत में ले जाकर उसके साथ हरकत कर रहा था, तभी वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने देखा और लड़की को घर लाया । घटना के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा



आरोपित सुशांत राय उर्फ भम्बोल (50 वर्ष) के विरुद्ध धारा 354 आईपीसी और 8 पोक्सो एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल अपने स्टाफ के साथ आरोपी के घर धरमजयगढ़ कॉलोनी वार्ड नंबर 1 में औचक दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे घटना के संबंध में पूछताछ कर आरोपी से घटना में प्रयुक्त लूना टीवीएस सीजी 13 एडी-4760 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# करतला विकासखण्ड में उल्लास महापरीक्षा में 752 शिक्षार्थी शामिल हुए

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित नवसाक्षर महापरीक्षा अभियान में करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 752 शिक्षार्थी शामिल हुए।

इन ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह पूर्व सर्वेयर शिक्षकों के





माध्यम से गॉंव में सर्वे करते हुए ऐसे साक्षरों का चयन किया गया था जो पढ़ने व लिखने एवं संख्यात्मक ज्ञान में योग्य थे। साथ में उन शिक्षार्थियों का चिन्हांकन किया गया जिनकों प्रमाण पत्र प्राप्त नही हुआ था। करतला विकासखण्ड के निर्धारित कई केन्द्रों में एक ही परिवार के दो से अधिक लोगों ने परीक्षा दिलाई। प्राथमिक शालाओं को केन्द्र बनाया गया था जिनके प्रधान-पाठक केन्द्राध्यक्ष के साथ पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता का दायित्व निर्वहन किये।



# परीक्षा में पास करने प्रोफेसर को दी धमकी, दो विद्यार्थी गिरफ्तार

**कोरबा** । परीक्षा में पास कराने के नाम पर प्रोफेसर के साथ गाली गलौच करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम कर दो युवक को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल सुभाष ब्लाक निवासी महेश्वर भारती मानिकपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत संचालित ओरिएंटल मेडिकल कालेज में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। प्रोफेसर ने बताया कि कुछ युवकों ने पहले फोन किया और उससे एडमिशन लेने संबंधित बातचीत की। इस पर उन्होंने, कालेज जाकर इस संबंध में जानकारी लेने की बात कही। इसके बाद भी युवक फोन कर प्रोफेसर भारती को लगातार परेशान कर रहे थे। प्रोफेसर इससे तंग आ कर युवकों से मिलने पहुंचा। प्रोफेसर अपने पत्नी और बच्चों के साथ कार से मिलने गया।

इस दौरान युवकों से मिलने पहुंच गए। तब युवकों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना देख रही कार में बैठी प्रोफेसर की पत्नी नीचे उतर कर मोबाइल में वीडियो बनाने लगी, तब सभी युवक मौके से भाग खड़े हुए। बाद में प्रोफेसर ने घटना की रिपोर्ट मानिकपुर पुलिस चैकी में दर्ज कराई।

## एक नजर

### अवैध शराब के भण्डारण,विक्रय के नियंत्रण हेतु टोल फ्री नंबर.14405, मोबाइल नम्बर.92445.17388 पर की जा सकती है शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में अवैध शराब के विरूद्ध सतत् कार्यवाही करने विभागीय अमला को निर्देशित किया है। आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सूचना मिलने पर त्वरित छापा मारकर आरोपियों के विरूद्ध चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर रही है। इस हेतु जिले में अवैध शराब के भण्डारण, विक्रय के नियंत्रण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित कर टोल फ्री नंबर.14405, मोबाइल नम्बर.92445.17388 जारी किया गया है। जिस पर आमजनों द्वारा अवैध शराब बनाने, बेचने या तस्करी की सूचना दी जा सकती है।

### होली पर्व के अवसर पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आगामी होली पर्व पर 25 मार्च 2024 दिन सोमवार को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं।

कलेक्टर ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा 1, में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 25 मार्च को होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल 3 बार एवं म भण्डागार को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

### सी-विजिल ऐप द्वारा आम नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने कर सकेंगे मदद

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी.विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभाओं के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। सी.विजिल मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

# उल्लास नवभारत साक्षरता के अंतर्गत पढ़ाई छोड़ चुके जिले के 2182 लोगों ने दी परीक्षा



**गरियाबंद।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को देशव्यापी बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के 2182 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के



निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में इस परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जिले के गरियाबंद,छुरा,मैनपुर व फिंगेश्वर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायत, वार्ड के निकटतम कुल 136 शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था। जिसमें पढ़ना,लिखना एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित दक्षता हेतु प्रश्नों के उत्तर के लिये प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 3 घण्टे का समय दिया गया था।

# बिलासपुर रेंज में पुलिस अधिकारियों की लोकसभा चुनाव हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

बिलासपुर - आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारी / कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिये पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा बिलासपुर रेंज के जिलों के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, उप निरीक्षक / सउनि स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण आज रक्षित केन्द्र बिलासपुर स्थित सभागृह में रखा गया। रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभिक उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागु होने तथा दिनांक 07 मई 2024 को बिलासपुर रेंज के लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा हेतु मतदान होने की जानकारी दी गई। उनके द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व जिले के राजपत्रित अधिकारियों को दिये गये प्रशिक्षण की सारगर्भित जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत फोर्स डिप्लायमेंट, फोर्स के रोटेशन की प्लानिंग, केन्द्रीय बल व राज्य सशस्त्र बल के आगमन की तैयारी के तहत उनके रूकने व मूलभूत सुविधों की तैयारी के साथ उन्हें दिये जाने वाले मानदेय संबंधी जानकारी दी गई। एसपी सिंहह्योनी चाहिये। रेंज स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात अगले चरण में जिले के अन्य अधिकारियों सहित प्रधान आरक्षक, आरक्षकों व विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण कराना है। इसके लिये रेंज स्तर पर राज्य स्तर पर प्राप्त मास्टर ट्रेनर अधिकारियों से प्रशिक्षण सामग्री संकलित कर लेने निर्देशित किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी





निर्देशों की पुस्तिका का अध्ययन प्रशिक्षण देने निर्देशित किया गया।

मतदान केन्द्रों की सुरक्षा के लिये थाना प्रभारी/नगर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार / एसडीएम स्तर के अधिकारी मिलकर सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर लेवें। आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु इससे जुड़ी छोटी-छोटी बातों की जानकारी कर्मचारियों को दिये जाने निर्देशित किया गया। निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा द्वारा लायसेंसी हथियों को जमा करने संबंधी आयोग के निर्देश तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं अजमानती वारंटों के तामिली हेतु प्रयास एवं उनके लाभ, एल.ओ.आर., निर्वाचन संबंधी अपराध, विवेचना एवं निराकरण तथा एफ.एस.टी., एस.एस.टी संबंधित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। श्रीमती नेहा वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा जिला कोरबा द्वारा आदर्श आचार संहिता, मतदान दिवस से पहले, मतदान के दिन व मतदान पश्चात सुरक्षा प्रबंध, स्ट्रांगरूम सुरक्षा, मतदान के पूर्व एवं मतदान के पश्चात, निर्वाचन के समय क्या करे ? क्या ना करे ? संबंधी विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा मतदान केन्द्रों की जानकारी / निगरानी / कार्यवाही, संवेदनशील मतदान केन्द्रों का वर्गीकरण, वल्नरेविलिटीमेपिंग एवं किटीकल एनालिसिस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ईव्हीएम एवं वीवी पैट की सुरक्षा, सुरक्षा बल डिप्लायमेंट प्लॉन, उनको प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं के मापदण्ड विषय पर पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, बिलासपुर द्वारा दी गई। उपरोक्त निर्वाचन प्रशिक्षण में श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिलासपुर, श्रीमती मधुलिका सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यालय पु.म.नि. बिलासपुर सहित रेंज के जिलों से दस उप पुलिस अधीक्षक, एक प्रशिक्षु भापुसे अधिकारी , दो प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, बाईस निरीक्षक, सात उपनिरीक्षक सहित चार सहायक उप निरीक्षक कुल अड़तालीस अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in